उज्जैन
शुक्रवार
06
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-122
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



पेरिस फैशन वीक में प्रियंका चोपड़ा का ब्लैंकेट कूटर लुक बना चर्चा का केंद्र



## पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में गुरुवार शाम अचानक बड़ा घटनाक्रम सामने आया जब राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने अपने पद से



इस्तीफा दे दिया। करीब साढ़े तीन साल तक इस पद पर रहने के बाद उनका इस्तीफा ऐसे समय आया है जब राज्य में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो रही हैं। इस अचानक फैसले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है और केंद्र-राज्य संबंधों को लेकर नया विवाद भी खड़ा हो गया है। राज्यपाल बोस ने बातचीत में अपने इस्तीफे की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने इस पद पर पर्याप्त समय बिताया है और अब आगे बढ़ने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वे लगभग साढ़े तीन वर्षों से राज्यपाल के रूप में काम कर रहे थे और उन्हें लगता है कि इतना समय पर्याप्त है।

## चारधाम यात्रा 2026- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, व्हाट्सएप से कर सकते हैं आवेदन

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू हो गया है। अब श्रद्धालु घर बैठे मोबाइल, कंप्यूटर, मोबाइल एप या व्हाट्सएप के जरिए भी यात्रा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रखा गया है, ताकि प्रशासन यात्रियों की संख्या, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर तरीके से संभाल सके। इस साल चारधाम यात्रा की शुरूआत 19 अप्रैल से हो रही है। परंपरा के अनुसार इसी दिन यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।

## कनाडा में पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियाना।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन



पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई।

## हैदराबाद में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर 2 मजदूरों की मौत, 2 घायल

**हैदराबाद।** हैदराबाद में एक निर्माणाधीन इमारत से गिरने के बाद दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना शहर के टोलिचौकी इलाके में गुरुवार को हुई। पुलिस के अनुसार, मजदूर इमारत पर निर्माण कार्य कर रहे थे, तभी चार मजदूर नीचे गिर गए। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में दो अन्य मजदूर घायल भी हुए हैं, जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच जारी है।

### मनरेगा से मजदूरों को रोजगार देने के दावे पर भी सवाल उठने लगे

# काम तो मिला, लेकिन मजदूरी नहीं मिली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूरे प्रदेश के साथ ही अब उज्जैन जिले में भी मजदूरों का पलायन रोकने और स्थानीय तौर पर रोजगार उपलब्ध कराने की कोशिशों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। मनरेगा से मजदूरों को रोजगार देने के दावे पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि मजदूरों को काम तो मिला, लेकिन मजदूरी नहीं। इससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

हालत यह है कि प्रदेश में काम करने वाले 36 लाख से अधिक मजदूरों की 575.81 करोड़ मजदूरी का भुगतान बकाया है। यही नहीं इसी योजना में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए उपयोग की गई सामग्री का भी 819.04 करोड़ भुगतान बाकी है। सरकार इसकी समय-सीमा बताने के लिए भी तैयार नहीं है कि इन मजदूरों को उनके हक की राशि कब तक मिल जाएगी। इससे इनका होली का त्योहार भी फीका ही मनेगा। विधानसभा के बजट सत्र में विधायक बाला बच्चन के प्रश्न के लिखित जवाब में श्रम एवं पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने यह जानकारी दी है। इसमें उन्होंने साफ कहा है कि मजदूरी एवं सामग्री की राशि भारत सरकार एवं राज्य सरकार से प्राप्त होकर व्यय किया जाना एक सतत प्रति या है। इसलिए इस बकाया राशि के लिए भुगतान की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

### राज्य के पास भी इतना पैसा नहीं है कि मजदूरों की मजदूरी और सामग्री की राशि चुका सके

मंत्री ने बताया 2024-25 (31.03.2025) तक वित्तीय वर्ष 2023-24 में राशि 43.74 करोड़ एवं 2024-25 में 878.11 करोड़ कुल 921.85 करोड़ रुपए भारत सरकार से लेना शेष थी। केन्द्र द्वारा राशि जारी करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की तरफ से पिछले दो साल में चार बार पत्राचार किया गया। पहले उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं दिए जाने के कारण राशि अटकी हुई थी। लेकिन इसके बाद उपयोगिता प्रमाणपत्र भी भेज दिए गए हैं, इसके बावजूद केन्द्र ने राशि जारी नहीं की है। राज्य के पास भी इतना पैसा नहीं है कि मजदूरों की यह मजदूरी और सामग्री की राशि चुका सके। इसलिए केन्द्र से पैसा आने के बाद ही इन मजदूरों को मजदूरी की राशि मिलना संभव है। अब तक 2025-26 में सरकार ने क्रियान्क्वर्थन एजेंसी को 2024-25 एवं 2025-26 में लंबित बिलों के भुगतान के लिए राशि जारी की। बता दें, मनरेगा में स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए विभिन्न निर्माण कराए जाते हैं।

# ईरान ने इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

### हर मिसाइल में 20 क्लस्टर बम थे, बहरीन की सरकारी तेल रिफाइनरी पर हमला किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। ईरान ने गुरुवार रात इजराइल पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इन मिसाइलों में क्लस्टर बम लगे थे।

इजराइली सेना ने बताया कि जब ऐसी मिसाइल जमीन की ओर आती है तो उसका वारहेड हवा में ही खुल जाता है और करीब 20 छोटे बम अलग-अलग जगहों पर गिर जाते हैं। हर बम में लगभग 2.5 किलो विस्फोटक होता है और ये करीब 8 किलोमीटर के इलाके में फैल सकते हैं। ये छोटे बम सीधे जमीन पर गिरते हैं और टकराते ही फट जाते हैं। इससे एक बड़े इलाके को खतरा हो सकता है, हालांकि हर छोटे बम का धमाका सामान्य बैलिस्टिक मिसाइल जितना ताकतवर नहीं होता। यह साफ नहीं है कि ईरान ने ऐसी कुल कितनी मिसाइलें चलाई हैं, क्योंकि कई मिसाइलों को इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने रास्ते में ही गिरा दिया।

### असम में वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश

# दोनों पायलट की मौत

### जोरहाट से 60 किमी दूर हादसा, सेना पायलटों-विमान की तलाश में जुटी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई एसयू-30एमकेआई फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है।

वायु सेना ने गुरुवार देर रात 1 बजकर 9 मिनट पर क्रैश की पुष्टी की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। सेना के मुताबिक तलाशी अभियान जारी है। जब ये हादसा हुआ तब फाइटर जेट नियमित उड़ान या मिशन पर था। इसी दौरान उसका ग्राउंड कंट्रोल से संपर्क टूटा था। वायु सेना के मुताबिक रडार से संपर्क समाप्त होने के बाद वायु सेना ने तुरंत अलर्ट जारी करते हुए घटना की जांच के लिए आईएएफ टीम को असम रवाना किया। फिलहाल विमान की सटीक स्थिति और संपर्क टूटने की वजह का पता लगाया जा रहा है।

## भाजपा की 2024-25 में इनकम 6769.14 करोड़ रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने वित्तीय साल 2024-25 के लिए राष्ट्रीय पार्टियों की इनकम जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी की कुल आय 6,769.15 करोड़ है। 6 राष्ट्रीय पार्टियों की आय का 85% हिस्सा अकेले भाजपा के पास है। बीजेपी की इनकम पिछले साल के मुकाबले 55.95% और कांग्रेस से करीब 7 गुना ज्यादा है। देश के 6 प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी की कुल आय 7,960 करोड़ रुपए दर्ज की गई। वहीं पिछले साल की तुलना में राष्ट्रीय दलों की कुल आय में 41.35% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, कांग्रेस की आय 2023-24 में 1,230.73 करोड़ थी, जो 2024-25 में घटकर 918.29 करोड़ रह गई। यह पिछले साल से करीब 25.39% कम है।

### ट्रम्प बोले- ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने:

# सिलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी



### खामेनेई का बेटा मंजूर नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी।

एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

### भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक जताया

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

### बेंगलुरु- सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला ने सुसाइड किया

# खाना बनाने को लेकर सास से हुआ था झगड़ा

### ससुराल वालों पर दहेज मांगने का आरोप, पति गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में महिला ने सास से झगड़ा होने पर सुसाइड कर लिया। घटना 4 मार्च को नॉर्थ बेंगलुरु के इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि 35 साल की मृतक महिला सुषमा आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी।

सुषमा की 5 साल पहले पुनीत कुमार से शादी हुई थी, दोनों का 4 साल का बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि




सुषमा और उसकी सास के बीच अक्सर खाना बनाने को लेकर झगड़ा होता था। पारिवारिक झगड़ों के कारण सुषमा तनाव में रहती थी।

बुधवार को सुषमा ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुषमा के परिवारवालों ने सुसराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। इसके बाद उसके पति पुनीत को गिरफ्तार किया गया है।

### सुषमा का परिवार बोला- बेटी से हर रोज झगड़ा करते थे

सुषमा के पिता प्रभाकरमूर्ति ने बेटी के सुसरालपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि बेटी से हर रोज झगड़ा किया जाता था। यह एक दिन का मामला नहीं था। बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जब सुषमा की शादी हुई थी। तब हमने दहेज में 10 लाख कैश और गोल्ड दिया था। बेटी पहले नौकरी करती थी, शादी के बाद उसने जॉब छोड़ी थी। उसने एक कार भी खरीदी थी। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु में एक ही हफ्ते के भीतर यह किसी टेक प्रोफेशनल की आत्महत्या का दूसरा मामला है।



## खबर एक नजर...

### महिला के साथ पड़ोसी ने की मारपीट

**उज्जैन।** मक्सीरोड आईटीआई के पास राजीव नगर में रहने वाली सोनू पति कमलेश जाटवा के साथ पड़ोस में किराये से रहने वाले युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बीती रात मारपीट की। महिला सोनू के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले युवक की हरकते ठीक नहीं है। जिसके चलते उसके मकान मालिक को शिकायत की गई थी। मकान मालिक ने युवक से मकान खाली करने को कहा था। जिसके चलते उसने मारपीट की है।

### लघुशंका से रोकने पर युवकों ने किया विवाद

**उज्जैन।** घर के सामने और लघुशंका कर रहे युवकों को रोकने पर बुधवार-गुरुवार रात विवाद की स्थिति बन गई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि शास्त्रीनगर गली नम्बर 9 में चार युवक घर के सामने लघुशंका कर रहे थे। जिन्हे बलराम नामक व्यक्ति ने रोका तो युवकों ने विवाद शुरु कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, युवकों को थाने लाया गया। इस दौरान युवकों के परिजन भी थाने पहुंच गये। नीलगंगा थाना पुलिस ने बलराम की शिकायत पर गौरव, रूद्र और 2 अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह अब 17 मार्च को होगा

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह की तारीख फिर बदल गई। अब समारोह 17 मार्च को होगा। पिछले चार साल से विश्वविद्यालय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर दीक्षांत समारोह करता आ रहा है। इस साल भी परंपरा के अनुसार 19 मार्च को होना था। विश्वविद्यालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। 19 मार्च की तारीख का प्रस्ताव राजभवन भेजा। यहां से 18 मार्च की तारीख मिली। अब फिर 5 मार्च को कुलसचिव डॉ. अनिलकुमार शर्मा ने संशोधित अधिसूचना जारी की।

### महिलाओं और युवतियों ने फूलों-गुलाल से खेली होली



**उज्जैन।** उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में होली के दूसरे दिन फाग उत्सव बड़े भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने भजन-कीर्तन के बीच फूलों और गुलाल से होली खेली। भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की शिक्षा स्थली पर श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते हुए उत्सव का आनंद लिया। आश्रम परिसर में भजन-कीर्तन की मधुर धुनें गूंजती रहीं। "रंग मत डाले रे कान्हा, "जुल्म कर डारयो सितम कर डारयो" और "आज ब्रज में होली रे रसियाº जैसे भजनों पर महिलाएं झूमती और नाचती नजर आईं। भक्ति संगीत के बीच पूरा आश्रम परिसर उत्सवमय हो गया और श्रद्धालु भगवान की भक्ति में सराबोर दिखाई दिए। उज्जैन को महाकाल की नगरी और भक्ति भाव की नगरी कहा जाता है। यहां अनेक प्राचीन मंदिर और धार्मिक परंपराएं हैं, जिनमें होली का पर्व भी विशेष तरीके से मनाया जाता है। सांदीपनि आश्रम में आयोजित यह फाग उत्सव इन्हीं प्राचीन परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कीर्ति व्यास ने बताया कि होली का पर्व रंगपंचमी तक पांच दिनों तक मनाया जाता है। इसी परंपरा के तहत दूज के दिन भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के साथ फूलों और गुलाल से होली खेली जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर देश-विदेश से श्रद्धालु भी आश्रम पहुंचते हैं और भजन-कीर्तन के बीच फाग उत्सव का आनंद लेते हैं। कमला देवी व्यास ने आगे कहा कि सांदीपनि आश्रम में हर साल फाग उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।

---

### अपनी ही सरकार के फैसलों के खिलाफ आंदोलन करेंगे विधायक, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा बोले

# रोड चौड़ा हुआ तो आंदोलन का नेतृत्व करूंगा

### पिपलीनाका क्षेत्र चौड़ीकरण करण को लेकर अपनी ही सरकार के निर्णय से क्षेत्रीय विधायक कालूहेड़ा अब मुखर हो गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पिपलीनाका क्षेत्र चौड़ीकरण करण को लेकर अपनी ही सरकार के निर्णय से क्षेत्रीय विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा अब मुखर हो गए हैं। गुरुवार सुबह क्षेत्रवासियों ने उनके कार्यालय का घेराव कर हंगामा किया था। इसके बाद अब उन्होंने सड़क को 24 मीटर से ज्यादा चौड़ी करने पर विरोध कर रहे लोगों की तरफ से नेतृत्व करने की बात कह दी है।

पिपलीनाका और गढ़कालिका से भैरूगढ़ तक के सड़क चौड़ीकरण को लेकर मंगलवार को नगर निगम ने प्रभावितों को नोटिस वितरित किए थे। नोटिस में भवन स्वामियों को प्रभावित हिस्सों को 7 दिन में खाली करने का समय दिया है। नोटिस जारी होने के बाद कई घरों का हिस्सा 10 फीट का तो कुछ का 20 फीट तक बच रहा है। कई परिवार की रोजी-रोटी चलाने की भी दिक्कत आने की संभावना है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के डर से बड़ी संख्या में प्रभावित महिला, पुरुष बच्चों को लेकर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के आगर रोड स्थित कार्यालय पहुंचे। यहां पर करीब आधे घंटे इंतजार के बाद जब विधायक जैन पहुंचे तो आक्रोशित भीड़ ने उन्हें घेर लिया था। इसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए विधायक की गाड़ी के सामने बैठे और उनके सामने प्रदर्शन किया।

विधायक बोले- आंदोलन का नेतृत्व करूंगा विधायक ने कहा कि आज जो लोग प्रदर्शन करने आए थे, उनके दुःख-दर्द को समझते हुए मैंने क्षेत्रवासियों को वचन दिया। 24 मीटर की ही रोड होगी, नहीं तो आपका विधायक आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। जन आंदोलन करेंगे और मैं उसका नेतृत्व करूंगा। कलेक्टर से बोला है कि आप सीएम से बात करें। हमने प्रदेश अध्यक्ष से कहा है कि मैं जन भावना का सम्मान नहीं कर पाता हूं और अनेक प्रकार के कष्ट आ रहे हैं। शहर के अंदर और छोटी-छोटी बातों को लेकर तूल दिए जाते हैं तो ये ठीक नहीं है। कुछ बातचीत ऐसी रहती है कि अधिकारी द्वारा सीएम को ब्रीफ कर दी जाती हैं।

अपनी ही पार्टी से नाराज दिखे विधायक इस प्रदर्शन के बाद भाजपा के उज्जैन उत्तर से विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा अपनी ही पार्टी और प्रशासन के द्वारा लिए गए निर्णय से नाराज दिखे। उन्होंने मांगे नहीं मनाई जाने पर विरोध कर रहे लोगों के साथ खड़े होने की बात कह दी। विधायक जैन ने कहा कि आज विधायक बनने के बाद पहली बार ऐसा लगा कि पिपलिनाक क्षेत्र के लोग मुसीबत में हैं। उनके पूरे मकान टूट रहे हैं। आज कलेक्टर से बात की तो उन्होंने कहा कि रिवाइस करें। 24 मीटर का रोड कर दीजिए।

---

# पुलिसकर्मियों ने मनाई होली

### कलेक्टर-एसपी भी शामिल हुए, ढोल की थाप और डीजे की धुन पर जमकर थिरके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन पुलिस ने लगातार तीन दिन की ड्यूटी के बाद पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा और डीआईजी नवनीत भसीन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और जवान शामिल हुए।

दरअसल, होली के दिन शहर की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी 24 घंटे से अधिक समय तक लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे। इसी परंपरा के तहत हर साल होली के अगले दिन पुलिस लाइन में यह आयोजन किया जाता है, जिसमें पुलिस अधिकारी और जवान एक साथ रंगों के त्योहार का आनंद लेते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने जोरदार अंदाज में मंच पर प्रवेश किया। दोनों अधिकारी गले में हाथ डालकर नाचते हुए मंच तक पहुंचे, इसके बाद मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। ढोल की थाप और तेज डीजे की धुन पर पूरा माहौल रंगीन हो गया। समारोह में पुलिस अधिकारी और जवान बॉलीवुड गानों पर जमकर थिरकते नजर आए।

---

# युद्ध के कारण चार दिन से अर्मेनिया में फंसी खिलाड़ी

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने बातचीत कर उज्जैन की प्रियांशी की सकुशल वापसी करवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अर्मेनिया में कुश्ती की विश्व चैंपियनशिप खेलने गई मध्यप्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी प्रियांशी प्रजापत पिछले चार दिनों से अमेरिका इजराइल युद्ध के कारण फंस गई थी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने खिलाड़ी को युद्ध के हालात से निकलने के लिए जरूरी प्रयास किए। सीएम ने महिला पहलवान से लाइव बात कर उसकी गुरुवार को भारत देश में वापसी करवा दी।

उज्जैन की प्रियांशी प्रजापत अर्मेनिया में 24 से 28 फरवरी तक आयोजित हुई वर्ल्ड चैम्पियनशिप में खेलने गई थी। वे मध्य प्रदेश से एक मात्र खिलाड़ी थीं जो इस टीम का हिस्सा थीं। प्रियांशी को 1 मार्च को दुबई के रास्ते वापस भारत आना था, लेकिन दुबई में मिसाइल गिरने और युद्ध के हालत के बाद बंद हुई फ्लाइट वापसी संभव नहीं हो पा रही थी। इसके बाद प्रियांशी के पिता ने मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव से सम्पर्क कर सीएम डॉ. मोहन यादव से मदद मांगी। सीएम ने तुरंत महिला खिलाड़ी प्रियांशी से ऑनलाइन बात कर हर संभव मदद की बात की।



---

### सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल में नॉनवेज बनाने का मामला

# गैरहाजिर 4 कर्मचारियों ने होटल की छवि धूमिल की, 4 पर केस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर के समीप संचालित मप्र पर्यटन विकास निगम की होटल सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज में नॉनवेज बनाने संबंधी मामले में होटल की छवि को धूमिल करने पर चार गैरहाजिर कर्मचारियों की साजिश बताई गई है। चारों के खिलाफ होटल प्रबंधक ने महाकाल थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसके बाद पुलिस ने होटल सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज के प्रबंधक सतीश पाठक के आवेदन के आधार पर स्टोर कीपर समेत एफओए राकेश सेन, प्रियंका पटेल, हरिशंकर साहू, अर्पित तिवारी के खिलाफ जानबूझकर धोखाधड़ी, जालसाजी के तहत केस दर्ज किया। बता दें कि हेरिटेज होटल के किचन का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें किचन में काम करने वाले कर्मचारी मुर्गा-मछली की बात करते हुए रिकॉर्ड हुए और हाथ धोने का भी जिक्र कर रहे हैं। उक्त फुटेज के बाद हिंदुवादी संगठन ने इसे नॉनवेज प्रतिबंधित क्षेत्र में होटल में भक्तों की आस्था से खिलवाड़ बताया और ठोस कार्रवाई की बात प्रशासन से रखी थी। पूरे मामले को लेकर महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि होटल प्रबंधन की तरफ से जो आवेदन आया था, उसके तहत चारों कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तार कर उनके मोबाइल जब्त करते हुए सभी से पूछताछ की जाएगी कि उनके द्वारा होटल की छवि को इस तरह से बदनाम करने की साजिश किसलिए रची गई थी।



### शासकीय ई-मेल आईडी और सीसीटीवी का दुरुपयोग कर सीएम को झूठी शिकायत की

- होटल सम्राट विक्रमादित्य द हेरिटेज मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत कार्यरत है। यहां प्राइवेट कर्मचारियों को ट्रेनिंग देकर काम पर रखा जाता है। इसी प्रकार होटल पर प्रियंका पटेल, राकेश सेन, हरिशंकर साहू, अर्पित तिवारी चारों कर्मचारी ट्रेनिंग के बाद कार्यरत थे, जो कि करीब तीन माह से होटल को बिना जानकारी दिए काम से अनुपस्थित हो गए, तब जाकर होटल कार्यालय की तरफ से उन्हें काम पर उपस्थित होने के पृथक-पृथक नोटिस दिए गए।
- इससे क्षुब्ध होकर चारों कर्मचारियों द्वारा मिलकर होटल की शासकीय ई-मेल आईडी का एक्सेस प्राप्त कर उस पर डिजिटल लेटर हेड का दुरुपयोग कर झूठी शिकायत उक्त शासकीय मेल आईडी से मुख्यमंत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को ई-मेल किया गया। साथ ही होटल के सीसीटीवी कैमरे का एक्सेस लेकर उसके वीडियो व फोटो प्राप्त कर उसमें छेड़छाड़ कर भ्रामक जानकारी फैलाने में दुरुपयोग किया गया।
- जबकि उक्त चारों कर्मचारी वर्तमान में अनुपस्थित हैं। उक्त कर्मचारियों द्वारा होटल की शासकीय ईमेल आईडी का दुरुपयोग करते हुए झूठी शिकायत कर होटल की छवि को धूमिल किया है। अतः होटल के पूर्व चारों कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। (सतीश पाठक, प्रबंधक होटल सम्राट विक्रमादित्य हेरिटेज की तरफ से महाकाल थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई गई।)

उज्जैन
शुक्रवार
06
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उत्थायोत्थाय बोद्धव्यं किमद्य सुकृतं कृतम्।
आयुषः खण्डमादाय रविरस्तं गमिष्यति।।

अर्थः रोज जागना चाहिए कि आज क्या किया क्योंकि सूरज (रोजाना) जीवन के एक छोटे से टुकड़े के साथ अस्त होता है।

## खबर एक नजर...

### मजदूर की मौत के मामले में ठेकेदार पर प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** भवन की तीसरी मंजिल पर काम के दौरान छत का हिस्सा गिरने से मजदूर की मौत के मामले में विजय नगर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठेकेदार पर सुरक्षा इंतजाम नहीं करने का आरोप है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी। कुलकर्णी का भट्टा निवासी 45 वर्षीय मजदूर हरिओम सिंह 28 फरवरी को विजय नगर क्षेत्र में एक मकान में काम कर रहा थाद्ध वह तीसरी मंजिल पर बने टॉवर को तोड़ रहा था, तभी छत का एक हिस्सा भरभराकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे वह मलबे में दब गया और जब तक उसे बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। साथियों ने उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घटना में मजदूर हरिओम सिंह के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया था। उन्होंने पुलिस से कहा था कि काम के दौरान हरिओम को सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए। जिससे घटना में हरिओम को गंभीर चोटें लगी हैं। हरिओम के भाई भी मकान निर्माण के काम से जुड़े हैं, घटना के बाद वे ही सबसे पहले पहुंचे थे। हरिओम के परिवार में एक बेटा और पत्नी है।

### लीनियर एक्सीलेटर के लिए बंकर तैयार, 1 माह में आएगी मशीन

**इंदौर।** सरकारी कैंसर अस्पताल में मरीजों के लिए अत्याधुनिक इलाज सुविधाओं को लेकर 21 साल से चल रहा इंतजार अब भी बाकी है। अस्पताल की नई बिल्डिंग का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। दावा किया जा रहा है कि यह काम जुलाई तक पूरा होगा और अस्पताल में लगने वाली 47 करोड़ की लीनियर एक्सीलेटर मशीन अगले महीने शहर आ जाएगी। इसके लिए अस्पताल के नवनिर्मित भवन में बंकर की दीवारों पर लेड की परतें चढ़ाई जा रही हैं। ऐसे में जुलाई तक मरीजों को नए कैंसर अस्पताल की सुविधा मिलना मुश्किल लग रहा है। सबसे पहले वर्ष 2005 में लीनियर एक्सीलेटर के लिए पहली बार प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। तब से लेकर वर्ष 2023 तक कुल 11 बार प्रस्ताव भेजे गए थे। अस्पताल प्रबंधन का कहना है 50 प्रतिशत काम लगभग पूरा है, लेकिन मौके पर कहानी जुदा है। बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तैयार है, पर अभी न तो लिफ्ट चालू हुई है और न ही बिजली के तार बिछाए गए हैं। सैनेटरी फिटिंग से लेकर दीवारों पर रंगरोगन तक का काम अभी अधर में है।

### सर्विस रोड पर डामरीकरण अगले हफ्ते, फिर डायवर्ट होगा ट्रैफिक

**इंदौर।** गैस पाइपलाइन और अतिक्रमण की वजह से लंबे समय से अटका आईटी पार्क चौराहा फ्लायओवर अब रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। अगले हफ्ते यहां सर्विस रोड पर डामरीकरण होगा। काम के दौरान अवंतिका गैस लिमिटेड और मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) की टीम मौके पर मौजूद रहेगी। डामर बिछते ही तीन इमली से राजीव गांधी चौराहा की ओर जाने वाला ट्रैफिक नई सर्विस रोड पर शिफ्ट किया जाएगा। आईटी पार्क चौराहे से शहर की मुख्य 10 इंच की गैस पाइपलाइन गुजर रही है। इसे शिफ्ट करने के लिए 15 दिन गैस सप्लाई रोकना पड़ती, जिस पर गैस कंपनी सहमत नहीं हुई। कंपनी ने सड़क की हाइट बढ़ाने का सुझाव दिया, लेकिन एमपीआरडीसी ने इसे तकनीकी रूप से बढ़ाना संभव नहीं बताया। निर्माण के लिए भारी क्रेन रोलर आदि चलाने के लिए एमपीआरडीसी ने कंपनी से एनओसी भी मांगी। महीनों की खींचतान के बाद पाइपलाइन की कांक्रीट केसिंग की गई, जिससे सर्विस रोड निर्माण का रास्ता साफ हुआ। डामरीकरण के दौरान रोलर और भारी वाहन पाइपलाइन के ऊपर से गुजरेंगे।

### इंदौर में 35 मौतों के मामले में नया मोड़ः हाईकोर्ट में वकील का दावा-

# ओवरहेड टैंक में पोटेशियम क्लोराइड टैबलेट डाली, प्राइवेट दुकान से खरीदी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले में गुरुवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जांच आयोग ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट अदालत में पेश की। कोर्ट ने आयोग को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के लिए 30 दिन का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी।

सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट अजय बागडिया ने अतिरिक्त तथ्यों को रिकॉर्ड पर लाने के लिए एक अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किया। इसमें दावा किया कि भागीरथपुरा के वार्ड क्रमांक 11 के ओवरहेड टैंक में कथित रूप से पोटैशियम क्लोराइड की टैबलेट डाली गई थीं।

अजय बागडिया ने दावा किया कि ये टैबलेट नगर निगम की आधिकारिक खरीद प्रक्रिया के बाहर एक निजी दुकान से खरीदी गई थीं। इन्हें मौखिक निदेर्शों के आधार पर टैंक में डाला गया था।




जबकि पोटैशियम क्लोराइड पीने के पानी को शुद्ध करने के लिए स्वीकृत पदार्थ नहीं है। ऐसे में इस पूरे मामले की निष्पक्ष पुलिस जांच कराए जाने की मांग की गई है।

**शहर में तीन सोर्स से होती है पानी की सप्लाई–** सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि इंदौर शहर में पेयजल की आपूर्ति मुख्य रूप से तीन प्रमुख स्रोतों से होती है। इनमें नर्मदा जल योजना, यशवंत सागर बांध और बिलावली तालाब शामिल हैं। इन सोर्स से आने वाले पानी को जलूद वाटर स्टेशन सहित अन्य जल शोधन केंद्रों पर शुद्ध किया जाता है। यहां क्लोरीनीकरण और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के बाद पानी को शहर के लगभग 108 से 110 ओवरहेड टैंकों तक भेजा जाता है। इसके बाद इन्हीं टैंकों से पाइपलाइन के जरिए अलग-अलग इलाकों में घरों तक पानी की सप्लाई की जाती है।

**पोटैशियम क्लोराइड की टैबलेट से गंभीर खतरा–** याचिका में यह भी कहा गया कि पोटैशियम क्लोराइड नगर निगम के वॉटर प्यूरीफिकेशन प्रोटोकॉल या क्र 10500:2012 पीने के पानी के मानकों के तहत स्वीकृत डिसइंफेक्टेंट नहीं है। यह न तो क्लोरीनेशन एजेंट है और न ही किसी प्रकार का जमीसाईडल पदार्थ। अगर ओवरहेड टैंक में वास्तव में पोटैशियम क्लोराइड की टैबलेट डाली गई थीं, तो इसे नगर निगम की साफ पेयजल आपूर्ति में अनधिकृत हस्तक्षेप माना जाएगा। इससे लोगों की सेहत को गंभीर खतरा है।

### आखिरी टैंकों में पाया गया दूषित पानी

वकील बागडिया ने कोर्ट को बताया कि जलूद से आने वाली वितरण लाइन में तीसरे आखिरी टैंक तक पानी पूरी तरह मानक के अनुरूप और दूषणमुक्त पाया गया। वहीं उसी लाइन के दूसरे आखिरी और आखिरी टैंक, जिनसे भागीरथपुरा इलाके में पानी सप्लाई होता है, वहां का पानी दूषित पाया गया। पिटीशन में यह भी कहा गया कि मध्य प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट में शहर के कई इलाकों के ग्राउंडवाटर में टोटल और फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मौजूदगी दिखाई गई। इसके बावजूद बीमारी और मौतों के मामले भागीरथपुरा इलाके तक ही सीमित थे।

### ओवरहेड टैंक की देखरेख में 5 कर्मचारी

कोर्ट में यह भी बताया गया कि ओवरहेड टैंक की देखरेख के लिए पांच लोग जिम्मेदार हैं। इनमें तीन कर्मचारी नगर निगम के हैं, जबकि दो कर्मचारी निजी कंपनी रामकी इंडस्ट्रीज से जुड़े बताए गए हैं। इनके खिलाफ जांच हो। पोटैशियम क्लोराइड से पानी को जहरीला बनाया गया, जिससे लोग प्रभावित हुए। जांच के बाद केस दर्ज हो।

# डीएवीवी हॉस्टल का मामला, जांच रिपोर्ट में छात्रा दोषी

## बॉयफ्रेंड बनाने के लिए उकसाने का आरोप, बेटी को साथ लेकर कोलकाता लौटे पिता

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

देवी अहिल्या विवि के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली छात्रा पर सहपाठियों को बॉयफ्रेंड बनाने के लिए उकसाने और व्यक्तिगत संबंध बनाने का दबाव डालने के आरोप लगे हैं। मामले की जांच के लिए गठित पांच सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट में छात्रा को हॉस्टल की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी माना है।

जानकारी के अनुसार हॉस्टल में रहने वाली कुछ छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित शिकायत दी थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि संबंधित छात्रा उन पर निजी संबंध बनाने के लिए दबाव बना रही थी। शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित कर




मामले की जांच कराई। समिति ने शिकायतकर्ता छात्राओं के बयान दर्ज कर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है।

शनिवार को छात्रा के पिता कोलकाता से इंदौर पहुंचे। हॉस्टल वार्डन ने उन्हें पूरे घटनाक्रम और जांच समिति की रिपोर्ट से अवगत कराया। छात्रा के पिता उसे अपने साथ कोलकाता ले गए। छात्रा ने हॉस्टल भी खाली कर दिया है।

**विभाग स्तर पर नहीं मिली शिकायत–** छात्रा विश्वविद्यालय के डाटा साइंस विभाग में संचालित पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में अध्ययनरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि विभाग स्तर पर उसके खिलाफ कोई शिकायत नहीं आई है। ऐसे में उसे पाठ्यक्रम से निष्कासित करना संभव नहीं है, क्योंकि किसी भी छात्रा को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु राकेश सिंघई ने बताया कि फिलहाल इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निर्णय नहीं लिया गया है।

**छात्रा बोली– निजी मामले को गलत तरीके से पेश किया–** छात्रा ने लिखित स्पष्टीकरण में कहा है कि वीडियो कॉल पर बात करना उसका निजी मामला है और इसे गलत तरीके से पेश किया गया। उसने यह भी दावा किया कि किसी पर बॉयफ्रेंड बनाने का दबाव नहीं डाला गया। जब्त सामान को लेकर भी छात्रा ने आपत्ति जताई है और उसे वापस करने की मांग की है।

# इंदौर दुग्ध संघ के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर दुग्ध संघ से किसानों की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। किसान 9 रुपए प्रति फेट दूध मूल्य चाहते हैं, वहीं पशु आहार के दामों में बढ़ोतरी को कम करने और दूध की गुणवत्ता सुधार की मांग भी कर रहे हैं। दर्जनभर से ज्यादा मांगों को लेकर आज मांगलिया स्थित दुग्ध संघ कार्यालय पर किसानो ने प्रदर्शन किया हैं। प्रबंधन ने भी किसानों से शांतिपूर्ण और सामंजस्य बनाते हुए धैर्य रखने की अपील की है। जिसके बाद किसानों ने 11 मार्च तक मांगे पूरी करने का समय प्रबंधन को दिया है। मांगलिया से पहले इंदौर दुग्ध संघ कार्यालय के बाहर दूध उत्पादक किसानों का प्रदर्शन आज हो रहा है। इस बार किसानों के साथ पूर्व अध्यक्ष इंदौर दुग्ध सहकारी संघ मोतीसिंह पटेल ने भी मोर्चा खोल रखा रहा है। हमने प्रबंधन से कहा है कि हमारी मांगे पूरी की जाएं। प्रबंधन ने किसानों से समय मांगा था, जिसके बाद हमने आज प्रदर्शन खत्म करके 11 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया है। 11 मार्च तक किसानों की मांगें नहीं मानी गई तो हम 12 मार्च से दुग्ध की सप्लाय बंद कर देंगे। इधर, किसानों के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलबीर शर्मा ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए 8.50 रुपए प्रति किलो फेट दूध क्रम का मूल्य तय कर दिया गया है।

### अमेरिका-ईरान युद्ध : दुबई से आना हुआ महंगा

# मुंबई तक की फ्लाइट में किराया 1.21 लाख रुपए तक

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच यूएई में पहले फ्लाइट बंद होने व अब सीमित संख्या में फ्लाइट संचालन के कारण कई लोग अब भी वहां फंसे हुए हैं। सीमित रूट पर फ्लाइट शुरू होने से इनके किराए में 8-10 गुना तक की बढ़ोतरी हो गई है। दुबई से मुंबई का किराया 60 हजार रुपए से लेकर 1.21 लाख रुपए तक पहुंच गया है, जबकि आम दिनों में यह किराया 15-18 हजार रुपए रहता है।

दुबई में फंसे इंदौर के आठ लोगों के ग्रुप ने दुबई से 160 किमी दूर फुजैरा से मुंबई तक फ्लाइट बुक की है। प्रति व्यक्ति किराया करीब 85 हजार रुपए रहा। ट्रेवल एजेंट



एसोसिएशन के अनुसार अभी सीमित संख्या में फ्लाइट संचालन से यह स्थिति बन रही है। आने वाले दिनों में सभी फ्लाइटों के संचालन के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी।

85 हजार रुपए में करवाई बुकिंग इंदौर से दुबई गए आठ लोगों का ग्रुप दुबई में चार दिन तक फंसा रहा। ग्रुप से जुड़े लोग 2 मार्च को आने वाले थे, हालांकि फ्लाइट निरस्त होने से वहीं रह गए। दो दिन पहले वाया कोच्चि होते हुए फ्लाइट करवाई थी, हालांकि आखिरी मौके पर वह फ्लाइट भी निरस्त हो गई।

ग्रुप से जुड़े संजय गोयल ने कहा अब फुजैरा से मुंबई तक की फ्लाइट बुक करवाई और रात को इससे मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा प्रति व्यक्ति 85 हजार रुपए फेयर आया है। फ्लाइट के लगातार निरस्त होने के कारण मुंबई से इंदौर तक के टिकट नहीं करवाए थे। गोयल ने कहा कि दुबई में सभी लोग सुरक्षित थे, किसी तरह की कोई परेशानी नहीं है। होटलें भी काफी सस्ती हैं। यूएई सरकार भी यात्रियों की काफी मदद कर रही है।

लगातार निरस्त हो रहे टूर इधर, जिन लोगों ने पहले दुबई की आगे की बुकिंग थी, उन्होंने भी स्थिति को देखते हुए बुकिंग निरस्त कर दी है। एक ट्रेवल कंपनी के प्रमुख ने कहा कि उनकी मार्च के पहले सप्ताह में तीन बुकिंग थी, तीनों निरस्त कर दी गई हैं। जिनकी मार्च के आखिरी सप्ताह या अप्रैल की बुकिंग है, वे भी असमंजस में हैं।

सबकुछ सामान्य, दुबई में रह रहे लोग मदद के लिए आगे आए मिडिल ईस्ट दुबई के चेयरमैन चंद्रशेखर भाटिया ने कहा दुबई में सबकुछ नार्मल है। ऑफिस खुले हुए हैं। लोग आराम से घूम रहे हैं। यूएई सरकार भी लोगों को काफी सपोर्ट कर रही है। वहीं, दुबई के लोग भी फ्लाइट निरस्त होने से फंसे हुए लोगों की मदद कर रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा भी लगातार मदद की जा रही है। कई लोगों ने अपनी बिल्डिंग भी लोगों के लिए खोल दी है।

## खबर एक नजर...

### वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन ने मनाया फाग

**उज्जैन।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन की ओर से होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष दीपा आर्य ने सभी बहनों को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पूरे उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया। दीपा आर्य ने बताया कि इस आयोजन में संगठन की सचिव रागिनी हटिया, पुष्पा जंगरिया, नीलम वर्मा, दिव्या रठा, अनीता भिटौरिया, अर्चना कछवाय, सरोज कछवाय, प्रेमलता जंगरिया, टीना रठा, प्रियंका रठा, ममता मानकेरे, रीना हटिया, संजना कोरी, ममता लारिया और अंजू बड़ोनिया उपस्थित थीं।

### शोकाकुल परिवारों को रंग लगाकर किया शोक निवारण

**उज्जैन।** श्री गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ और युवा संगठन द्वारा वर्षों से चली आ रही सामाजिक परंपरा का निर्वहन किया गया। संगठन के सदस्यों ने समाज के शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर होली का रंग और गुलाल डाला तथा उनका शोक निवारण किया।

सामाजिक मान्यता के अनुसार, गमी वाले घरों में समाजजनों द्वारा रंग डाले जाने के बाद शोकाकुल परिवार अपने घरों में पुनः मांगलिक कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

समाज के प्रदेश संरक्षक भरत भाटी ने बताया कि समाज से जुड़ी इस प्राचीन परंपरा को जीवंत बनाए रखना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ और युवा संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 6 वर्षीय आइजा अल्ताफ शेख ने रखा जिंदगी का पहला रोजा

**उज्जैन।** रमजान के मुकद्दस माह में बड़ों के साथ अब बच्चे भी इबादत में पीछे नहीं हैं। शहर के आदर्श नगर निवासी महज 6 वर्षीय बालिका आइजा अल्ताफ शेख ने बुधवार को अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। इतनी कम उम्र में भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर नन्ही आइजा ने अपना रोजा पूरा किया। बेटी के पहले रोजे पर परिवार में हर्ष का माहौल रहा। परिजनों ने बच्ची को दुआएं देते हुए कहा कि अल्लाह उसका रोजा कबूल करे।

#### नारी ने परंपरा से ही भविष्य नया रच डाला

# शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में 'विज्ञान में नारी शक्ति : परम्परा से प्रगति तक' पर हुआ मंथन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन में 2 मार्च को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में 'विज्ञान में नारी शक्तिः परंपरा से प्रगति तक' विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. भावना नागर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं महाविद्यालय के कीर्तिगान से हुआ। यह आयोजन नारी शक्ति, भारतीय परंपरा और वैज्ञानिक चेतना के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

### महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों और मातृ-डीएनए पर चर्चा

अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. निश्चल यादव ने छात्राओं को विश्व एवं भारत की विख्यात महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने विज्ञान एवं अनुसंधान से



संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्राओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. रेखा खन्ना ने मानव ऊर्जा के मूल स्रोत के रूप में मातृ-डीएनए कोशिकाओं की वैज्ञानिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नारी की सृजनात्मक शक्ति को वैज्ञानिक दृष्टि से स्पष्ट किया। वहीं, महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक डॉ. अमिता सिंघल ने छात्राओं को महान वैज्ञानिक सी.वी. रमन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराया और वैज्ञानिक जिज्ञासा, अनुशासन एवं सतत प्रयास को सफलता का आधार बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने भारतीय परंपरा और वैज्ञानिकता के समन्वित स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा और वैज्ञानिक दृष्टि परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। नारी शक्ति ने इन वैज्ञानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज को स्वस्थ, संतुलित और प्रगतिशील दिशा प्रदान की है। अपने उद्बोधन को काव्यमय स्वर देते हुए उन्होंने कहा–

परम्परा की धूप में पली, विज्ञान की शीतल छाँव बनी, संस्कारों की ज्योति जली तो, प्रगति की नव ठाँव बनी। नारी ने सूत्र सँभाले ऐसे, जीवन हुआ विज्ञानमय, भारत की हर प्राची से फिर उन्नति की नव भोर जगी। औषधि की हर पत्ती में उसने ज्ञान-दीप जलाया है।₹

इस अवसर पर विज्ञान संकाय की छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई जिसमें विविध वैज्ञानिक अवधारणाओं का सृजनात्मक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर मोनिका परमार ने अतिथि परिचय दिया एवं डॉ. मधु खंडेलवाल ने विज्ञान संकाय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एकता दूबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. भावना नागर द्वारा किया गया। इस दौरान समस्त महाविद्यालयीन परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

# भारत विकास परिषद के त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर का शुभारंभ

### राष्ट्रीय संत उमेशनाथ महाराज के सानिध्य में महानंदानगर में आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भारत विकास परिषद महानगर उज्जैन द्वारा महानंदानगर कम्युनिटी हॉल में त्रिदिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय संत परम पूज्य उमेशनाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। श्री भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति, जयपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अब तक 500 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से अधिकांश को अतिथियों द्वारा विभिन्न उपकरणों का वितरण किया गया।

जिला समन्वयक श्याम बंसल तथा कार्यक्रम संयोजक भगवान शर्मा और पराग काबरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव, अवंतिका विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर नितिन राणे, पर्यावरणविद श्याम माहेश्वरी और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर समन्वयक प्रकाश चित्तौड़ा ने की। अतिथियों ने लोगों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस त्रिदिवसीय शिविर को सफल बनाने और व्यवस्थाएं संभालने में समाजसेवी सतीश पटेल की टीम सहित सुनील लावणगीकर, रवींद्र सोनी, ओम गुप्ता, ईश्वर पटेल, रवींद्र मूले, दिनेश महाजन आनंद पुरोहित, आरती खरे, अनिल वैष्णव, राजा मजावदिया, संदीप पांडे और मुकेश लखवानी लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं।

# शोक संतप्त परिवारों को लगाया रंग, हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने निकाली पारंपरिक गैर

### नगरकोट स्थित धर्मशाला से शुरू हुआ कारवां; ढोल-ढमाकों के साथ समाजजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी धुलेंडी की शुभकामनाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने धुलेंडी पर्व पर अपनी संवेदनशील सामाजिक परंपरा का निर्वहन करते हुए गमी (शोक संतप्त) वाले परिवारों के घर पहुंचकर रंग डाला। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ढोल के साथ समाज की रंगारंग गैर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और महिलाएं शामिल हुईं। समाज के अध्यक्ष वरुण शर्मा सिंगवाडीया और मंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि गैर की शुरूआत नगरकोट स्थित समाज की धर्मशाला से हुई। यहां से यह गैर प्रसिद्ध ज्योतिषी और प्रोफेसर सर्वेश्वर शर्मा (अवंतीपुरा), संजय शर्मा (अशोकनगर) और राम अवतार शर्मा (शिवाजी पार्क) के निवास पर पहुंची। यहां परिजनों को रंग और गुलाल लगाकर सामाजिक दायित्व निभाया गया। इसके बाद गैर में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर धुलेंडी की बधाई दी।

गैर में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया, राष्ट्रीय उप मंत्री दिलीप शर्मा पंचोली, पवन शर्मा कुलचानिया, दिलीप बड़गोती, राधेश्याम शर्मा जयसिंहपुरा, प्रमोद शर्मा, राजेंद्र शर्मा अवंतीपुरा, संजय शर्मा, श्याम शर्मा, स्वतंत्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा आनंदगंज की झिरी, प्रहलाद शर्मा, दिनेश शर्मा, रामावतार शर्मा दशहरा मैदान और मनोज शर्मा बेगमपुरा उपस्थित थे।

# सड़क चौड़ीकरण पर भड़का आक्रोश: विधायक का घेराव, कांग्रेस ने दी चेतावनी

### जनता के साथ खड़े हैं, बलपूर्वक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं

### पिपलीनाका क्षेत्र में 100 फीट चौड़ीकरण का विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शहर में पिपलीनाका से गढ़कालिका मंदिर होते हुए भैरवगढ़ तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के विरोध में जनता सड़कों पर उतर आई है। गुरुवार को 400 से अधिक आक्रोशित रहवासियों ने विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की कार रोककर उनका और भाजपा कार्यालय का घेराव किया। अपनी पीड़ा सुनाने पहुंचे इन रहवासियों को भाजपा कार्यालय पर भाजपा नेताओं द्वारा धक्के दिए गए। इस घटना और चौड़ीकरण की कार्रवाई पर कांग्रेस ने प्रशासन तथा प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और बलपूर्वक कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में मुकेश भाटी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से प्रभावित रहवासियों की चर्चा भी कराई।

मुकेश भाटी और रवि राय ने प्राचीन नगर के स्वरूप को देखते हुए सड़क की चौड़ाई कम करने और पुलिस के दबाव में की जा रही कार्रवाई तुरंत रोकने की मांग की है। कांग्रेस ने प्रशासन से तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाने का आह्वान किया है। प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाते हुए नेताओं ने कहा कि शहर में एमपीआरडीसी और पीडब्ल्यूडी मुआवजा देते हैं, लेकिन नगर निगम भेदभाव कर रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि 2004 और 2016 के सिंहस्थ के पूर्व हुए चौड़ीकरण में सभी प्रभावित रहवासियों को मुआवजा दिया गया था। इसी तर्ज पर जिन लोगों के मकान टूट रहे हैं, उन्हें उचित मुआवजा और भवन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। शहर में एमआर-4 और अन्य चौड़ीकरण का भी नागरिक कड़ा विरोध कर रहे हैं।

पिपलीनाका से ओखलेश्वर श्मशान और भैरवगढ़ जेल चौराहा तक के भवन स्वामियों को सात दिन में प्रभावित हिस्सा खाली करने का नोटिस दिया है। पहले यह सड़क 150 फीट चौड़ी होनी थी, जिसे घटाकर 100 फीट किया गया है। स्थानीय लोग इसे 80 फीट करने की मांग पर अड़े हैं ताकि कई मकानों को टूटने से बचाया जा सके। फिलहाल लोगों का 10 से 20 फीट तक का हिस्सा चौड़ीकरण की जद में आ रहा है, जिससे उनकी रोजी-रोटी और आशियाने पर संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन के दौरान कई महिलाएं फूट-फूटकर रोती नजर आईं। स्थानीय रहवासी संगीता भारती ने रुंधे गले से बताया कि पति और बेटे को खोने के बाद वह परिवार में अकेली कमाने वाली हैं और मजदूरी कर गुजारा करती हैं। बीमारी और गरीबी के कारण उनके पास किराए के कमरे तक के पैसे नहीं हैं। वहीं, ममता सैनी ने गुहार लगाई कि छोटे बच्चों को लेकर वे कहां जाएंगी। घर टूटने के डर से लोग आत्महत्या करने की चेतावनी दे रहे हैं। चेतावनी दी है कि यदि किसी नागरिक के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर सरकार के खिलाफ सड़कों पर लड़ेगी। इसके साथ ही पार्टी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस क्षेत्रीय रहवासियों के साथ मिलकर इस मुद्दे पर आंदोलन करेगी और इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है।

## खबर एक नजर...

### श्री चिड़ार समाज ने निकाली गुलाल गैर

**उज्जैन।** रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर, श्री चिड़ार समाज द्वारा इस वर्ष 4 मार्च को अत्यंत भावनात्मक गुलाल गैर निकाली गई, जो सामाजिक संवेदना और सांत्वना का प्रतीक बन गई। इस अनूठे आयोजन में समाज के सभी लोग एक साथ एकत्रित हुए और उन परिवारों के घर पहुंचे जो किसी अपने के बिछड़ने के कारण शोक (गमी) में थे। समाजजनों ने इन परिवारों पर रंग और गुलाल डालकर यह संदेश दिया कि दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।

संयोजक मुलचंद सोनी ने बताया कि समाज संरक्षक पुरषोत्तम मगरे और पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्रामनिया के नेतृत्व में सभी समाजजन मोहन नगर स्थित अम्बे माता मंदिर पर बुधवार सुबह 8:45 बजे एकत्रित हुए। अम्बे माता मंदिर से यह भावनात्मक गैर नाका नंबर 5 पहुंची। इसके बाद ढांचा भवन, सरस्वती नगर, गणेश पूरा, कंचनपुरा, अंजुश्री सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए समाजजन सेठी नगर पहुँचे, जहाँ गुलाल गैर का समापन हुआ।

इस दौरान समाज के वरिष्ठ हरिश्चंद्र आठिया, शिवदयाल बेलिया, प्रेमनारायण बरहा, मोहन चंदेल, दीपक धंधेरे, सचिन मगरे, कमलेश धंधेरे, संदीप हनुमंतैया, रमेश सिंह, हरीश आठिया, नारायण आठिया, राकेश पटवा, धर्मवीर आठिया, शंकर गेहलोत, महेश आठिया, संजय हनुमंत सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर इस सामाजिक पहल को मजबूती दी।

### उज्जैन के विकास में रोड़ा बन रही कांग्रेस की नकारा सोचः सुरेंद्र सांखला

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन के चहुंमुखी विकास के प्रति कांग्रेस का रवैया पूरी तरह नकारात्मक है। विकास कार्यों में रचनात्मक सुझाव देने के बजाय कांग्रेस और उनके जनप्रतिनिधि जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं। यह बात भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला ने कही। सांखला ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उज्जैन नगर निगम में भी कांग्रेस सुझावों की ओर ध्यान न देते हुए सिर्फ विरोध की राजनीति कर रही है। शहर की स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, प्रकाश और यातायात व्यवस्था के प्रबंधन के लिए कांग्रेस ने आज तक कोई भी लिखित सुझाव नहीं दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यों को जनता के बीच नकारात्मक तरीके से पेश किया जा रहा है। सेवा और विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाने के बजाय कांग्रेस सिर्फ अच्छे कामों के प्रति नकारा सोच परोस रही है। इससे कांग्रेस का जनाधार नहीं बढ़ेगा, बल्कि पार्टी रसातल में जा रही है।

सांखला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा और यदि कहीं ऐसा होता है, तो उसकी तत्काल शिकायत की जाए। सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है, जबकि कांग्रेस केवल नौटंकी और बेवजह विरोध को अपनी पहचान बना चुकी है। सुरेंद्र सांखला ने चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस यह बताने को तैयार नहीं है कि उन्होंने उज्जैन के विकास के लिए सरकार को कितने लिखित सुझाव दिए हैं। विकास कार्यों में सहयोग के स्थान पर केवल भ्रम फैलाना ही कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा रह गया है।

# कोली कोठार समाज ने निकाली विशाल गेर

### भैरव महाराज के पूजन के साथ शुरू हुई गेर, 1000 से अधिक समाजजन हुए शामिल; गमी वाले परिवारों के घर पहुंचकर निभाई परंपरा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कोली कोठार समाज पंचायत उज्जैन द्वारा परंपरा अनुसार इस वर्ष भी 4 मार्च 2026 को धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ समाज की विशाल गेर निकाली गई। समाज के उपाध्यक्ष शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि इसमें उज्जैन के अलावा मध्य प्रदेश के अन्य नगरों, ग्रामों एवं तहसीलों से भी समाजजन शामिल हुए।



परंपरा के अनुसार गेर होली टेकरा डाबरी पीठा से प्रारंभ हुई। इसके बाद समाज की धर्मशाला स्थित भैरव महाराज का पूजन किया गया। तत्पश्चात समाज के गमी वाले परिवारों के घर पहुंचकर एकत्रित समाजजनों द्वारा रंग डालने की परंपरा पूर्ण की गई। सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर और रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

गेर में महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों सहित लगभग 1000 से अधिक समाजजन पैदल और अपने वाहनों से शामिल हुए। इस अवसर पर अखिल भारतीय कोली समाज के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वहीं, अखिल भारतीय कोली समाज के पदाधिकारी और कांग्रेस नेता सुनील कछवाय के निवास पर गेर का स्वल्पाहार से स्वागत किया गया, जहां सभी ने कछवाय परिवार को शुभकामनाएं दीं। गेर डाबरी पीठा से शुरू होकर आर्य समाज मार्ग, कुशलपुरा, आगर रोड, मोहन नगर, संजय नगर, राजीव नगर, अमन नगर और नीलगंगा होते हुए नानाखेड़ा पर समाप्त हुई।

आयोजन में कोली कोठार समाज के अध्यक्ष देवकरण कोठार, उपाध्यक्ष शैलेंद्र भाटिया, सचिव शीतल रावत, सह सचिव संतोष सोलंकी, कोषाध्यक्ष मदन भाटिया, संचालक मंडल के सदस्य जगदीश पंवार, ओमप्रकाश चंदेल, अनिल पंवार और संदीप कछवाय उपस्थित थे।

इनके साथ ही वरिष्ठजन हेमंत पंवार पहलवान, हरिनारायण चौहान, सारंगपुर के पूर्व विधायक कुंवर कोठार, इंदौर के जितेंद्र सोलंकी, विष्णु प्रसाद भिलवाय, भूपेंद्र कछवाय, शिवनारायण सोनग्रह, स्वप्निल कछवाय, शिवनारायण सोलंकी, सीहोर के घनश्याम सोलंकी, रामप्रसाद खींची, जामनेर के दौलत राम खींची और इछावर के द्वारकाप्रसाद पंवार सहित समस्त समाजजनों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।

### डॉ. विजय गर्ग और कैलाश अग्रवाल हुए सम्मानित, तंबोला और लकी ड्रॉ में समाजबंधुओं ने लिया उत्साह से भाग

# अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह हुआ संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

अग्रवाल विकास समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र मित्तल के नेतृत्व में अलकनंदा नगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में 4 मार्च को होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजबंधुओं ने ठंडाई और स्नेहभोज के साथ हर्षोल्लास के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी किशोर गोयल उपस्थित थे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नगर के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग और समिति के पूर्व सचिव कैलाश अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। सम्मान पत्र का वाचन कविता मंगलम, रूपाली अग्रवाल, वंदना अग्रवाल और शर्मिला गुप्ता ने किया।



आयोजन को रोचक बनाने के लिए आकर्षक तंबोला और लकी ड्रॉ भी रखे गए थे, जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। समय पर आने वाले शुरूआती परिवारों को भी लकी ड्रॉ के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के उपाध्यक्ष अजीत मंगलम ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल, सांस्कृतिक सचिव पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश गर्ग, डॉ. विमल गर्ग, सोहनलाल अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल तथा संयोजक कीर्तेश हरभजनका, शिव अग्रवाल और अभिषेक बंसल की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में आभार सचिव सुनील अग्रवाल ने माना।

### ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आरएल वर्मा निभाएंगे मुख्य जज की भूमिका

देशभर की पुलिस टीमों के साथ सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के जवान जिमनास्टिक में दिखाएंगे दमखम

उज्जैन। जम्मू में 7 से 12 मार्च तक ऑल इंडिया पुलिस गेम्स (जिमनास्टिक) का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल आयोजन में अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आरएल वर्मा को मुख्य निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

जिला जिमनास्टिक संगठन के अध्यक्ष सावन बजाज और सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की पुलिस टीमों के अलावा सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी की टीमें भी भाग लेंगी और जिमनास्टिक स्पधार्ओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।

# लिपिक कर्मचारियों का होली मिलन समारोह आज, स्वर्ण जयंती आयोजन की बनेगी रूपरेखा

### कोठी महल परिसर में होगा आयोजन, नव-मनोनीत प्रांतीय पदाधिकारियों का होगा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

म.प्र. लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ उज्जैन द्वारा संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय कोठी महल के परिसर में आज 6 मार्च को लिपिक कर्मचारियों का होली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 1 बजे से शुरू होगा।

संघ के जिला शाखा अध्यक्ष चित्रेश वाघे ने बताया कि समारोह अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा उज्जैन के अध्यक्ष एम.एस. पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। लिपिक संघ के पूर्व कार्यकारी प्रांताध्यक्ष देवेन्द्र व्यास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

संघ के जिला सचिव नवीन तेजनकर और सुनील चौहान ने बताया कि संघ की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस अवसर पर भोपाल के रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में एक भव्य स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया जाना है। आज के इस होली मिलन समारोह में भोपाल में होने वाले आयोजन में उज्जैन जिले से अधिक से अधिक कर्मचारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के विषय पर चर्चा की जाएगी।

### प्रांतीय पदाधिकारियों का होगा स्वागत

समारोह के दौरान संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी में उज्जैन जिले से मनोनीत किए गए प्रांतीय पदाधिकारियों आर.एस. मकवाना, जी.एम. जाटवा, प्रवीण जोशी और सतीश परमार का स्वागत भी किया जाएगा। संघ की महिला शाखा अध्यक्ष उज्जवला गज्जर, अनिता लढ़ा, प्रिया मरमट, लता शर्मा, रूपाली नागर और मोहिनी केवट ने सभी लिपिक साथियों से समारोह में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# कैंसर और थैलेसीमिया जागरूकता के लिए 7 मार्च को ड्राइव विद पर्पस नेशनल कार रैली

### जीतो लेडीज विंग का राष्ट्रीय स्तर का आयोजनः कॉसमॉस मॉल से सुबह 7 बजे होगा फ्लैग ऑफ, आयोजकों ने की अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कैंसर और थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से आगामी 7 मार्च 2026 को शहर में ह्लड्राइव विद पर्पसह्व नेशनल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। जीतो लेडीज विंग और जीतो उज्जैन द्वारा आयोजित यह रैली सुबह 7 बजे कॉसमॉस मॉल, नानाखेड़ा से शुरू होगी। जीतो उज्जैन लेडीज विंग की चेयरपर्सन मंजू सूर्या ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का आयोजन है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस कार रैली का हिस्सा बनें और समाज को जागरूक करने की इस पहल को एक मजबूत आवाज दें।

### यह रहेगा रैली का मार्ग और स्वरूप

निर्धारित समय पर फ्लैग ऑफ के बाद रैली कॉसमॉस मॉल से शुरू होकर नानाखेड़ा, फ्रीगंज टावर और देवास रोड होते हुए पुनः कॉसमॉस मॉल पर आकर संपन्न होगी। जन-जागरूकता अभियान के तहत रैली में शामिल सभी कारें विशेष रूप से सजाई जाएंगी, जिन पर कैंसर व थैलेसीमिया जागरूकता के स्टिकर व पंपलेट लगे होंगे।

आयोजन को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिभागियों के लिए लाल रंग का ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। शामिल होने वाले सदस्य अपनी सुविधानुसार जींस के साथ लाल टी-शर्ट, लाल कुर्ता, सूट या साड़ी पहन सकते हैं। यह लाल रंग अभियान के प्रति एकजुटता, ऊर्जा और समर्पण का प्रतीक होगा।

कार रैली के कॉसमॉस मॉल लौटने के पश्चात एक विशेष ह्लकैंसर अवेयरनेस सेशनह्व आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. सतिंदर सलूजा उपस्थितजनों को संबोधित करेंगी। वे बीमारियों की समय पर पहचान, जीवनशैली में सुधार, बीमारी के शुरूआती संकेतों को पहचानने, कैंसर से बचाव में वैक्सीन की भूमिका और थैलेसीमिया से बचाव के लिए विवाह पूर्व जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा करेंगी। सेशन के उपरांत अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

इस नेशनल कार रैली को सफल बनाने में जीतो एपेक्स टीम से पृथ्वीराज कोठारी, विजय भंडारी, ललित कुमार डांगी, महावीर चपलोत और जीतो लेडीज विंग से सोनाली दुगड़, शीतल दुगड़, रितु चोरड़िया एवं रचना कानूनगो का मार्गदर्शन मिल रहा है। इसके अलावा जीतो उज्जैन लेडीज विंग की चेयरपर्सन मंजू सूर्या, इवेंट कन्वीनर सुरभि जैन, चीफ सेक्रेटरी प्रीति मुथा, को-कन्वीनर ऋचा सूर्या के साथ-साथ जीतो इंदौर चैप्टर के चेयरमैन विमल गोरावत और चीफ सेक्रेटरी हितेश तुरखिया सहित रचना जैन आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## खबर एक नजर...

### वैद्य राजपूत समाज की पारंपरिक गैर निकली

**उज्जैन।** होली के पावन पर्व पर वैद्य राजपूत समाज द्वारा पारंपरिक गैर उत्साह और गरिमा के साथ निकाली गई। मंगलवार 3 मार्च की सुबह क्षीर सागर गेट पर समाजजन एकत्रित हुए, जहाँ परस्पर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। आपसी स्नेह और सौहार्द का यह दृश्य अत्यंत आनंदमय रहा।

इसके पश्चात समाजजन गैर के रूप में संगठित होकर शहर में स्थित शोकग्रस्त परिवारों के निवास पर पहुँचे। यहाँ रंग डालकर संवेदनाएँ प्रकट की गईं और दुख साझा किया गया। यह अनूठी परंपरा समाज की एकजुटता, संस्कार और परस्पर सहयोग की भावना को दर्शाती है।

गैर के समापन पर समस्त समाजजन समाज धर्मशाला में होली मिलन समारोह हेतु एकत्रित हुए। यहाँ स्वल्पाहार के पश्चात सभी ने गुलाल के साथ होली खेलकर रंगों के उत्सव का भरपूर आनंद लिया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सबकी सहभागिता ही समाज की वास्तविक शक्ति है।

### मेवाड़ा भांबी समाज की होली गैर में उड़ा रंग

**उज्जैन।** मेवाड़ा भांबी समाज द्वारा बुधवार, 04 मार्च 2026 को सामूहिक होली गैर का भव्य आयोजन किया गया। ज्योतिषाचार्य के निर्देशानुसार और होली पर्व के उपलक्ष्य में समाजजन बाबा रामदेव मंदिर पर एकत्रित हुए। यहाँ महाआरती की गई, जिसके बाद सामूहिक रूप से रंग-गुलाल उड़ाते हुए गैर की शुरुआत हुई। गैर का कारवां महाकाल मंदिर क्षेत्र से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। यह कोट मोहल्ला, जयसिंहपुरा, चार धाम मंदिर, गणेश कॉलोनी, अवंतीपुरा, महावीर नगर, पीपलीनाका, भेरुगढ़ रोड और 16 सागर होते हुए गंगानगर पर समाप्त हुई। इस दौरान जगह-जगह समाजजनों ने गैर का स्वागत किया और उत्साहपूर्वक रंग पर्व मनाया। गैर में अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा के साथ देवानारायण जयपाल, रतनलाल जावल, कुरुलाल पंवार, नरेंद्र (सुंदरकांड), सोनू, हरिसिंह परिहार, देवीलाल सूर्या, तुलसीराम, मनोहरलाल राजोरिया, अम्बाराम मकवाना, गोपाल नलखेड़ा, रामपाल मादावत, किशोर, श्याम शंकरपुर, सत्यनारायण, रमेश मादावत, मदनलाल बगोदिया, लालु भाकिन्दिया, गिरधारी, ईश्वर, जितेन्द्र, प्रकाश जावल बागला, लखन गलोजिया, जगदीश परिहार (इंदौर), मोहनलाल मानरेवाड़ा, ओम परिहार, शिवम राजोरिया, प्रवीण जावल, वीरेन्द्र चौरड़िया, रमेश चौहान, रमेश बाल, नरेन्द्र पटवाल, जयप्रकाश छोपाला, गोपाल पवार, महेश, मुकेश, मंगू कप्तान, बद्री हीरा, भेरु सिंह तोमर, जगदीश, मोहन तंवर, रमेश, कमलेश मेघवाल, भेरुलाल छोपाला, बाबुलाल हेरा, विशाल बाल, विकास राठौर, प्रभु जावल, पवन जानटेकरी और श्याम खारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। आयोजन में संपूर्ण महिला मंडल भी विशेष रूप से शामिल रहा। गैर के समापन पर उज्जैन अध्यक्ष मोहन मेवाड़ा ने आयोजन में शामिल होने और इसे सफल बनाने के लिए समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# वर्षों बाद मिले पुराने पड़ोसी तो छलक आए खुशी के आंसू, होली मिलन में जीवंत हुईं यादें

**फ्रीगंज के व्यावसायिक क्षेत्र में तब्दील हो चुके मोहल्ले के रहवासियों का दूसरा मिलन समारोह, 75 सदस्य हुए शामिल**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




फ्रीगंज स्थित शंकु मार्ग के पुराने रहवासियों का द्वितीय होली मिलन समारोह पुरानी यादों और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। कभी पूरी तरह आवासीय रहा यह क्षेत्र अब व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है, लेकिन होली के बहाने यहाँ के पुराने वाशिंदे एक बार फिर एकजुट हुए। अल्प सूचना के बावजूद समारोह में करीब 75 सदस्य शामिल हुए और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। वर्षों बाद अपने पुराने पड़ोसियों से मिलकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे। उपस्थित सदस्यों ने अतीत की यादें साझा करते हुए बताया कि उस दौर में शंकु मार्ग सिर्फ घरों का समूह नहीं, बल्कि एक वृहद परिवार था। घरों में औपचारिकताओं का बंधन नहीं था और विवाह या गमी के अवसरों पर पूरा मोहल्ला एक साथ खड़ा नजर आता था। अगले वर्ष फिर मिलने का वादा समय के साथ अलग-अलग कॉलोनियों में बस चुके परिवारों को पुनः जोड़ने का कार्य अरुण जैन, संजय गोधा और अरविंद जैन के प्रयासों से संभव हो सका। कार्यक्रम के समापन पर माहौल फिर गमगीन हो गया। नम आंखों और अगले वर्ष पुनः मिलने के वादे के साथ सभी ने एक-दूसरे से विदा ली।

## कलेक्टर बंगले पर होली की धूम, उड़े रंग-गुलाल, गीत-संगीत के बीच छाई उत्सव की मस्ती



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रंगों के पर्व होली के अवसर पर स्थानीय कलेक्टर बंगले पर जमकर होली खेली गई। उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह द्वारा आयोजित इस रंगारंग समारोह में रंग-गुलाल के साथ भांग, ठंडाई, गुजिया और भुजिया का विशेष प्रबंध किया गया। इस दौरान नृत्य और शानदार गीत-संगीत के दौर ने उत्सव के उल्लास को और बढ़ा दिया। इस उल्लासपूर्ण समारोह में शहर के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य जनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। आयोजन में मुख्य रूप से उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, एडीएम अतेंद्र सिंह, एसडीएम शाश्वत शर्मा, स्वामी मुस्कराके, निज सचिव जयेश मोरे और मंगलनाथ मंदिर प्रशासक पाठक मौजूद रहे।

### भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का ज्ञापन आज

**उज्जैन।** भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण के अंतर्गत आज महामहिम के नाम जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। यह ज्ञापन जिला उज्जैन से आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में सौंपा जाएगा। मुकेश मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में निम्न प्रमुख मांगें शामिल हैं जाति आधारित जनगणना कराए जाने की मांग, विशेष रूप से ओबीसी की जाति आधारित जनगणना, ओबीसी समाज के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा की जा रही कथित धोखाधड़ी के विरोध में कार्रवाई की मांग, अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों के समर्थन में ठोस कदम, बिल को सख्ती से लागू किए जाने की मांग, वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से पूर्णतः मुक्त किए जाने के समर्थन में मांगपत्र, आयोजकों के अनुसार, यह ज्ञापन सामाजिक न्याय, शैक्षणिक अधिकारों और पिछड़े वर्गों के संवैधानिक संरक्षण को सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिव-शक्ति स्वरूपा महिला सम्मेलन में होगा मातृशक्तियों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत विकास परिषद भाविप विक्रमादित्य, उज्जैन प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्तियों का सम्मान करेगी। इस अवसर पर संस्था के 75वें स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में संपूर्ण रक्त परीक्षण के साथ महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया जाएगा। शिव-शक्ति स्वरूपा महिला सम्मेलन पटेल परिवार मांगलिया इंदौर, श्री अवंतिका संस्कार परिवार, मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर एवं लोटस हॉस्पिटल उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. ध्वनि शर्मा व मनीष पटेल, भाविप विक्रमादित्य के संरक्षक पं. भगवान शर्मा, सतीश पटेल एवं डॉ. करण पंड्या ने बताया कि हम विगत 7 वर्षों से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाली मातृशक्तियों को सम्मानित करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में इस 8वें आयोजन में 101 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व राज्यसभा सांसद श्री रघुनंदन शर्मा, श्री शैलेश भाई मेहता सौटा एवं अमित ठाकर विधायक गुजरात के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री शिवनारायण जागीरदार पूर्व मंत्री, हीरालाल त्रिवेदी पूर्व सूचना आयुक्त, रमेश पंड्या पूर्व एडीएम, मुकेश पंड्या पूर्व विधायक बड़नगर, वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती शुभा जोशी व सुभाष शर्मा पूर्व महापौर देवास रहेंगे। राजयोगी ब्रह्माकुमारी ऊषा दीदी के पावन सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद एवं सीधी विधायक रीति पाठक करेंगी।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. प्रशांत पाटीदार, तनु-रुद्रेश शर्मा व कु. कनिका ठाकुर पटवारी कुक्षी ने बताया कि स्थानीय औदीच्य धर्मशाला पर 7 मार्च को प्रातः 9 बजे महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मातृशक्तियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. गायत्री भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर संपूर्ण भारत से आने वाली सभी मातृशक्तियों के स्वास्थ्य एवं संपूर्ण रक्त परीक्षण के साथ मेडिस्टा हॉस्पिटल इंदौर की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा अग्रवाल एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लवेश अग्रवाल द्वारा महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए आधुनिक तकनीक व विजुअल्स के माध्यम से प्रस्तुति दी जाएगी। डॉ. जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. राहुल नागर, डॉ. मुस्तफा सिंगापुरवाला, डॉ. रजनीश पाटीदार, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. विशाल पाटीदार, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, डॉ. योगेश सर्राफ, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. साधना दुबे, डॉ. कविता बेंडवाल, डॉ. सुरेश समदानी, डॉ. उमेश शुक्ला, डॉ. आनंद यादव, डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया, डॉ. आदित्यवर्धन पाटीदार, डॉ. पदमसिंह नरवरिया, डॉ. समर्थ पाटीदार, डॉ. गिरधर सोनी, डॉ. विजय पाटील और डॉ. बी.के. मालवीय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# महाकाल की नगरी में 'रक्तक्रांति': देश के 5 शतकवीर रक्तदानियों ने चरक अस्पताल में किया रक्तदान

**मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान अभियान के तहत हिमाचल, हरियाणा, गुजरात और इंदौर से आए रक्तदाताओं का हुआ संगम**

ब्रह्मास्त्र ▸▸




विगत शनिवार को उज्जैन के चरक अस्पताल में 'मिशन रक्तक्रांति हिंदुस्तान अभियान' के तहत देशभर से आए पांच शतकवीर रक्तदानियों ने रक्तदान कर जागरूकता का संदेश दिया।

### देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे रक्तदाता

रक्तक्रांति की मशाल लेकर क्षिप्रा के पावन तट और बाबा महाकाल की नगरी में पहुंचे इन पांच रक्तदानियों में हिमाचल प्रदेश से नरेश शर्मा, हरियाणा के कुरुक्षेत्र से संजीव मेहता, गुजरात के बड़ौदा से महेंद्र रक्तदानी, इंदौर से दीपक विभाकर नाईक और अहमदाबाद से एकमात्र महिला रक्तदाता वैशाली पंड्या शामिल थीं। इन सभी ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर इस अभियान को गति प्रदान की। उल्लेखनीय है कि ये सभी शतकवीर रक्तदानी हैं।

### चिकित्सकों ने किया सम्मान

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता पल्सानिया, डॉ. संगीता गुप्ता एवं अस्पताल के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी पांचों शतकवीर रक्तदानियों का सम्मान भी किया गया।

### फूलों की होली संग भक्ति एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया

**उज्जैन।** श्री रविदास सेवक संघ के तत्वाधान में फाग उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष संदीप सूर्यवंशी ने किया। आयोजन समाज की धर्मशाला, राजीव नगर में सम्पन्न हुआ, जहाँ समाज की महिलाओं एवं पुरुषों ने हर्षोल्लास के साथ गुरु रविदास की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आरती के उपरांत फाग उत्सव आयोजित हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक फूलों की होली खेली और रविदास जी के भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी, उनकी महिला कार्यकारिणी तथा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

# श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट में आध्यात्मिक रंगों के साथ संपन्न हुआ होली वार्षिक मेला महोत्सव

## संभवनाथ भगवान की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद



दो चक्री, दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनिराजों की पावन निर्वाण स्थली श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट में 4 मार्च 2026 को होली वार्षिक मेला महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी और संपूर्ण परिसर सिद्धवरकूट की जयज्ज एवं जय संभवनाथ भगवान के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। क्षेत्र कमेटी के प्रचार संयोजक राजेन्द्र जैन महावीर (सनावद) मेला संयोजक बाबूलाल जैन बस वाले बड़वाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला महोत्सव का मुख्य आकर्षण भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा रही, जो अहिंसा स्तंभ से धार्मिक गरिमा एवं अनुशासन के साथ प्रारंभ हुई।

शोभायात्रा में स्वर्ण एवं रजत कलशों को सिर पर धारण किए पुण्यार्जक परिवार अग्रभाग में चल रहे थे। ढोल-ताशों, मंगल वाद्यों एवं भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लिए चल रही थीं, वहीं युवा वर्ग ध्वज-पताकाएं लेकर धर्मध्वजा लहरा रहा थाभगवान बाहुबली के महामस्तकाभिषेक में स्वर्ण कलश का सौभाग्य प्राप्त करने वाले पुण्यार्जक परिवार इस प्रकार रहे डॉ. सुभाष सुनीता जैन (खंडवा), बाबूलाल मीना जैन (भीकनगांव), विकास वर्षा कासलीवाल (भीकनगांव), नवल मंजू जैन (इंदौर),पंकज शालिनी जटाले (बेड़ियां),करण श्वेता जैन (बड़वाह), प्रवीण भावना जैन (पुनासा),रजत कलश से अभिषेक का सौभाग्य कैलाशचंद मोटाघर (बड़वाह), दीपक गोधा (बड़वाह) एवं अतुल जैन (बीड़) को प्राप्त हुआ। निमाड़ मालवा के हजारों श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव से सहभागिता की। भव्य शोभायात्रा भगवान बाहुबली मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। स्वर्ण-रजत कलशों से जैसे ही अभिषेक प्रारंभ हुआ, संपूर्ण परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। उस दिव्य क्षण में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। विधानपूजन भक्ति भजन आरती कमल जैन संगीतकार बड़वाह ने संपन्न कराए। मूलनायक संभवनाथ मंदिर में बाबूलाल बड़जात्या (ध्वजाधारी, इंदौर), पहाड़िया परिवार (इंदौर), बाबूलाल कैलाशचंद जैन बस परिवार (बड़वाह), स्वाति विपिन जैन (इंदौर), जीवेश कुमार जैन (पुनासा), दीपक गोधा, अशोक जैन (बड़वाह), बाबूलाल कासलीवाल (भोखाखेड़ी) एवं मामाजी परिवार (दिल्ली) द्वारा अन्य सभी मंदिरों में ध्वजारोहण संपन्न किया गया।प्रातः ६:३० बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मूलनायक भगवान सम्भवनाथ का मंडल विधान जीवनलाल जैन परिवार (गोयल नगर, इंदौर) द्वारा भक्तिभाव से संपन्न किया गया। मंडल विधान की आकर्षक रंगोली रचना बड़वाह के ऋषभ जैन, संजय जैन मोहना, मनीष जैन, पूर्णिमा जैन, वैशाली जैन एवं मीतू जैन द्वारा की गई।

# लोक अदालत के वाहन को न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार नैशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया किया गया न्यायाधीश महोदय असलम दहलवी साहब एवं योगेश चालीसा साहब द्वारा कहा की नेशनल लोक अदालत वाहन को सम्पूर्ण नगर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर विस्तृत प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोगो को नेशनल लोक अदालत के बारे में मालूम हो ताकि आमजन को मान. न्यायाधीश ने कहा लोक अदालत में छोटे मोटे लड़ाई झगड़े, पति पत्नी विवाद, प्री लिटिगेशन मामले, चेक बाउंस, जल कर ,संपत्ति कर नगर पालिका के मामलों में छूट दी जाती है आप सब लाभ लेवे सम्माननीय अधिवक्ता गण कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामे करे लोक अदालत को सफल बनाए अभिभाषक संघ अध्यक्ष महोदय द्वारा गणेश मालवीय जी ने कहा की राजीनामा योग्य प्रकरणों में राजिनामे कराने हेतु अधिक से अधिक प्रयास किया जाएगा।

# अभिव्यक्ति संस्था द्वारा पुलिस कर्मियों को दी गई होली की शुभकामनाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

अभिव्यक्ति संस्था द्वारा पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं देने का यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। पुलिस विभाग के जवानों को तिलक लगाकर और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करना समाज के प्रति उनकी सेवा और समर्पण को सम्मान देने का एक अच्छा तरीका है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि पुलिस विभाग के जवान अपने परिवार से दूर रहकर समाज की सेवा करते हैं, इसलिए उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे होली का पर्व शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाएं और पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करें।इस कार्यक्रम में संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें सचिव नितेश वर्मा, मोहम्मद हुसैन, मयूर सोनवाने, गणेश सोनवाने, चंदन पाटिल, और महेश सोनवाने शामिल थे।

# लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1,रीजन- 11,झोन-1 लायंस क्लब सनावद स्नेह की आधिकारिक यात्रा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल के मुख्य आथित्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन ने की।ध्वज वंदन ला.सपन जैन ने किया।

खंडेलवाल ने लायंस क्लब सनावद स्नेह की सामाजिक गतिविधियों की प्रशंसा की और अध्यक्ष भागचंद जैन एवं क्लब एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन को इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट पिन और डिस्ट्रिक्ट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानीत किया। खंडेलवाल ने अध्यक्ष ला.भागचंद जैन की सेवा भावना की सराहना की और कहा कि क्लब द्वारा 3 यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना,11 नवीन लायंस क्लब का गठन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया गया है।

इसी प्रकार क्लब द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद और रचना त्मक सामाजिक कार्यों की दिशा में निरंतर सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन ला.राजीव मालवीय ने कहा कि पिछले दौरे के समय ला.अनिता जैन ने नगर में विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड लगवाए थे और इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री प्रतीक्षालय स्थापित किया है। लायंस क्लब सनावद स्नेह हमारा गौरव है।अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट सचिव ला.संजय डिंगडांग,रीजन सचिव घनश्याम वाधवा,ला.संतोष सोनी उपस्थित थे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का परिचय ला. अनिता चौधरी,सचिव प्रतिवेदन का वाचन ला.शिवानी मौर्य ने किया। स्वागत गीत ला.हेमन्त दातार ने प्रस्तुत किया। इस दौरान अतिथियों और लायन सदस्यों ने फाग उत्सव मनाया और सूखे रंग तथा फूलों की होली का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया।

# मातृशक्ति एकता ग्रुप द्वारा भव्य फाग उत्सव का आयोजन किया

**मंडलेश्वर** । नगर में लक्ष्मीनारायण कालोनी की मातृशक्ति एकता ग्रुप द्वारा बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ फाग उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेलकर भगवान श्री राधा-कृष्ण के प्रति अपनी आस्था और प्रेम प्रकट किया।उत्सव की शुरूआत श्री राधा-कृष्ण के पूजन एवं आरती से हुई। सबसे पहले महिलाओं ने भगवान श्री राधा-कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली खेली। इस अवसर पर नन्हे बाल कलाकार कनिष्का पाटीदार , केशवी सोलंकी,पोशीका पाटीदार श्री राधा और श्री कृष्ण के रूप में सजे हुए थे, जिनके साथ सभी महिलाओं ने प्रेमपूर्वक होली खेली।कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक रसिया और भक्ति गीतों पर महिलाओं ने आनंदपूर्वक नृत्य किया। पूरे वातावरण में भक्ति, उल्लास और रंगों की छटा देखने को मिली। फूलों की सुगंध और भक्ति गीतों के बीच फाग उत्सव ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।मातृशक्ति एकता ग्रुप की महिलाओं द्वारा समय-समय पर ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं।

# प्रजापति समाज द्वारा ने उत्सव मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

चैत्र मास की पड़वा को प्रजापति समाज ने फाग उत्सव मनाया। प्रजापति समाजजनों ने होलिका दहन स्थान से रंगों की टोली के साथ समाजजनों के घर जाकर रंगों और गुलाल के साथ होली खेली।प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी धूलंडी पर्व पर प्रजापति समाज द्वारा फाग उत्सव के रूप में मनाया गया होलिका दहन के स्थान से होली का में रंग गुलाल डालकर मां का आशीर्वाद लेकर समाज साथी रंग गुलाल और लोकगीतों की धुन और भजनों के साथ विभिन्न घरों पर जहां पर गामी हुई थी उन्हें श्रद्धा सुमन समर्पित किया प्रजापति मोहल्ले से होते हुए टोड़ीपुरा पहुंचे बुंदेली गली वहां से होलिका दहन के स्थान पर आकर फाग उत्सव का समापन हुआ इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ उपस्थित हुए नरेश प्रजापति, नानूराम प्रजापति, बालमुकुंद प्रजापति, प्रजापति हुकुमचंद कटारिया, प्रजापति रामचंद्र कटारिया ,प्रजापति बाबूलाल कटारिया, राजू प्रजापती ,मुकेश प्रजापती, रमेश प्रजापति, ओमकार प्रजापति हेमंतकटारिया, प्यारा प्रजापति, हेमराज प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति ,मनोहर प्रजापत, किशोर प्रजापती, दुलीचंद प्रजापती ,शंकर प्रजापति, इंदर प्रजापती, रुपेश प्रजापति ,प्रकाश प्रजापती आदि समाज जन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अर्चना चिटनिस ने देखी फिल्म शतक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने बुरहानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आधारित प्रेरणादायी फिल्म ₹शतक₹ को देखा। फिल्म को देखने के बाद श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वर्ष 1925 में पहले सरसंघचालक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भारत के आजाद होने से पहले ही कल्पना कर ली थी कि आजाद भारत का स्वरूप कैसा हो। उन्होंने वर्ष 1925 में जो सोचा था कि भारतीय सनातनी समाज में एकता का भाव, राष्ट्र वाद की चेतना जागृत कर परकीय आतताइयो की हिन्दुओं को दबाने वाली मानसिकता से मुकाबला करने हेतु संगठन जरूरी है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने के लिए की गई। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार अपने जीवनकाल में पं. मदनमोहन मालवीय, महात्मा गांधी सहित कई लोगों के संपर्क में रहे। हेडगेवार जी स्वयं क्रांतिकारी थे। संघ की स्थापना के पहले उन्होंने क्रांतिकारियों से संपर्क कर देश की आजादी के लिए कार्य किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, नेपानगर की पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, मनोज लधवे, चिंतामन महाजन एवं ईश्वर चौहान सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति, युवाओं के साथ आमजन उपस्थित रहे।

# गेहूं निकालते समय कम वोल्टेज के कारण बिजली फाल्ट होने से आग लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

नगर से 3 किलोमीटर दूर ग्राम वानदा में किसान कालूसिंह मंडलोई के खेत में गेहूं निकालते समय कम वोल्टेज के कारण बिजली फाल्ट होने से आग लग गई। इस घटना में लगभग 20 क्विंटल गेहूं और एक थ्रेसर मशीन जलकर खाक हो गई। किसान को करीब 40 हजार रुपए का गेहूं और 50 हजार रुपए का थ्रेशर मशीन का नुकसान हुआ है।

किसान कालूसिंह ने बताया कि गेहूं निकालने के लिए खेत में थ्रेसर मशीन लगाई गई थी। मशीन चालू करने के दौरान करीब 15 बार बिजली गुल हुई। कम वोल्टेज के कारण अचानक फाल्ट हुआ और धुआं निकलने लगा। हवा चलने के कारण आग तेजी से फैली और गेहूं की फसल के पूले जलने लगे। उन्होंने मदद के लिए लोगों को पुकारा, लेकिन तेज गर्मी में आग ने विकराल रूप ले लिया।

ग्रामीणों ने बिजली वितरण कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी ने ग्राम वानदा की २४ घंटे की बिजली आपूर्ति काटकर दूसरे गांव घटबोरी में कर दी है। अब वानदा में केवल १२ घंटे बिजली मिलती है, जिसके कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसी वजह से मोटरों में लगातार फाल्ट होते हैं और आग लगने की घटनाएं होती हैं, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। ग्राम के पटवारी सुरेंद्र राजपूत ने बताया कि उन्हें ग्राम वानदा में किसान के गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि कल मौके पर जाकर नुकसानी का आकलन किया जाएगा और प्रकरण बनाया जाएगा।

# आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा मे क्षेत्र के बच्चों ने मारी बाजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 के कक्षा 6 ठी एवं कक्षा 9 वी मे प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम में क्षेत्र के बच्चों ने बाजी मार ली। इस क्षेत्र मे कार्यरत संस्था वर्मा अकादमी के संचालक वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि उनकी अकदमी मे अध्ययनरत 15 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं के 9 तथा कक्षा 8वीं के 4 विद्यार्थी शामिल हैं। कक्षा 6 मे प्रवेश हेतु चयनित विधार्थियो मे हिंद राज सपने, अभिजीत बडोले, मीमांसा भंवर, मिताली भाबर, आर्यना रंधे, रितिका वर्मा, कशिष मौर्या एवं कमलेश उचवारे शामिल है, इसी प्रकार कक्षा 9 वी मे प्रवेश हेतु भूपेंद्र उचवारे, भाविक निगवाल, तनिष्क डुड़वे एवं आरव डावर शामिल है। श्री वर्मा ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासित अध्ययन पद्धति एवं अनुभवी मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी, नियमित टेस्ट श्रृंखला, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने से निरंतर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।



# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की शादी

**सानिया चंडोक के साथ मुंबई में फेरे अमिताभ, अंबानी और जय शाह पहुंचे, धोनी-द्रविड़ भी शामिल हुए**

सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। समारोह में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी और जय शाह पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।

### पैट स्पा सेंटर की डायरेक्टर है सानिया

सानिया चंडोक मशहूर बिजनेस परिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद सानिया लाइमलाइट से दूर रहती हैं। वे मुंबई में ही मिस्टर पॉज पैट स्पा एंड स्टोर एलएलपी की पार्टनर और डायरेक्टर हैं। यह पशुओं की स्किनकेयर, ग्रूमिंग और इससे रिलेटेड प्रोडक्ट्स की सेवाएं देता है। सानिया ने इसकी शुरूआत 2022 में एक लाख रुपए से की थी। सानिया की फैमिली यानी घई परिवार हॉस्पिटैलिटी और फूड वर्ल्ड में जाना-माना नाम है। उनका इंटरकॉन्टिनेंटल होटल्स ग्रुप है, जिसकी मल्टीनेशनल वैल्यू 18.43 बिलियन डॉलर (1.6 लाख करोड़ रुपए) है। वहीं मुंबई में इंटरकॉन्टिनेंटल होटल है। चंडोक परिवार फेमस आइसक्रीम ब्रांड ब्रूकलिन क्रीमरी का भी मालिक है।

# पेरिस फैशन वीक में प्रियंका चोपड़ा का ब्लैंकेट कूचर लुक बना चर्चा का केंद्र



ग्लोबल आइकन और बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चौपड़ा एक बार फिर अपने फैशन स्टेटमेंट को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने पेरिस फैशन वीक में शिरकत कर फ्रंट रो से ऐसा लुक पेश किया, जिसने फैशन प्रेमियों का ध्यान खींच लिया। वह डीओर के फॉल/विंटर 2026 रेडी-टू-वियर शो में नजर आईं, जहां उनका ब्लैंकेट कूचर स्टाइल चर्चा का विषय बन गया।

पेरिस के खूबसूरत जार्डिन दे तुइलरी में आयोजित इस शो में प्रियंका ने हेड-टू-टो डियोर आउटफिट पहना था। उन्होंने बॉडी-हगिंग ब्लैक टी-शर्ट के साथ चारकोल-ग्रे ब्लेजर कैरी किया। उनका अपर लुक भले ही मिनिमल और क्लासी था, लेकिन असली आकर्षण बना उनका अनोखा स्कर्ट डिजाइन।

प्रियंका ने जैकार्ड फैब्रिक से बना एक स्टेटमेंट स्कर्ट पहना था, जिसे ब्लैंकेट की तरह रैप स्टाइल में डिजाइन किया गया था। इस स्कर्ट में असिमेट्रिकल हेमलाइन और बारीक फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी थी, जो इसे रॉयल टच दे रही थी। कमर पर बंधा ब्लैक नॉट डिटेल पूरे लुक को एलिगेंट और स्ट्रक्चर्ड बना रहा था। फैशन एक्सपर्ट्स इस स्टाइल को ब्लैंकेट कूचर का नाम दे रहे हैं, जो आराम और हाई फैशन का अनोखा मेल है।

एक्सेसरीज के मामले में प्रियंका ने सादगी को चुना। उन्होंने सिर्फ नाजुक गोल्ड हूप इयररिंग्स, ब्लैक पॉइंटेड हील्स और स्लीक सनग्लासेस पहने। उनका मेकअप भी सटल और ग्लैमरस था–मिनिमल बेस, रोजी चीक्स, म्यूटेड आई मेकअप, मस्कारा-लैडन लैशेज और पिंक मैट लिप्स। बालों को मिडिल पार्टिंग के साथ सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया था, जो उनके पूरे लुक को संतुलित कर रहा था।

इससे पहले अपनी फिल्म द ब्ल्यूफ के प्रमोशन के दौरान भी प्रियंका कई बोल्ड और स्टेटमेंट आउटफिट्स में नजर आ चुकी हैं। रेड गाउन, कॉर्सेट-स्टाइल पैंटसूट, लेस ड्रेस और क्वर्की एक्सेसरीज के जरिए वह लगातार पाइरेट-कोर फैशन ट्रेंड को आगे बढ़ा रही हैं।

फैशन समीक्षकों का मानना है कि प्रियंका चोपड़ा का यह लुक क्लासिक और कंटेम्पररी स्टाइल का बेहतरीन मिश्रण है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि रनवे फैशन सिर्फ मॉडल्स तक सीमित नहीं है, बल्कि स्टार पावर के साथ इसे और भी प्रभावशाली बनाया जा सकता है।

पेरिस फैशन वीक में उनका यह अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैशन जगत में ब्लैंकेट स्कर्ट को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। प्रियंका एक बार फिर यह साबित करने में सफल रहीं कि वह सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फैशन मंच पर भी अपनी अलग पहचान रखती हैं।



# बादशाह के टटीरी सॉन्ग की बाल-महिला आयोग को शिकायत

**नाबालिग लड़कियों को स्कूल बैग फेंकते दिखाया, रैप में गंदे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप**

बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह के हरियाणवी फोक सॉन्ग 'टटीरी' को लेकर विवाद हो गया है। गाने को लेकर 2 अलग-अलग शिकायतें दी गई हैं। पहली शिकायत पानीपत की सविता आर्या ने हरियाणा महिला आयोग और दूसरी शिकायत रोहतक के एडवोकेट राजनारायण पंघाल ने राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को भेजी है। शिकायत में बादशाह के रैप की लाइन आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इस गाने में गंदी शब्दावली का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही स्कूल ड्रेस में नाबालिग बच्चियों को स्कूल बैग फेंकते हुए दिखाया गया। यह सॉन्ग 1 मार्च को रिलीज हुआ था। इस गाने में कैथल की रहने वाली सिमरन जागलान की भी आवाज है। वह हरियाणवी सिंगर कर्मबीर फौजी की बेटी हैं। टटीरी गाने को अभी तक यूट्यूब पर 2 मिलियन से ज्यादा लोग सुन चुके हैं।

**स्कूल ड्रैस में बस्ते फेंकते दिखाया:** रोहतक के एडवोकेट राजनारायण पंघाल का कहना है कि बादशाह नाम के एक सिंगर के गाने के वीडियो में कुछ गलत चीजें दिखाई गई हैं। गाने में छोटी-छोटी नाबालिग बच्चियां हरियाणा के सरकारी स्कूल की यूनिफॉर्म पहने हुए हैं और उन्हें अपनी किताबें फेंकते हुए और पढ़ाई से दूर भागते हुए दिखाया गया है, जो कि बहुत गलत है।

**आपत्तिजनक कंटेंट का इस्तेमाल:** शिकायत के मुताबिक, सिंगर बादशाह ने गाने में रैप करते हुए कुछ ऐसी लाइनें भी गाई हैं जो बहुत ही खराब और गलत भाषा को बढ़ावा देती हैं। रैप में कहा गया है कि आया बादशाह डोली चढ़ाने, इन सबकी घोड़ी बनाने, थोड़े पागल थोड़े सयाने, हम आए इनके प्लान्स के घोड़े लगाने। इस तरह के हरियाणवी गाने में ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

# ओटीटी पर फिर चर्चा में आई एलिजाबेथ बैंक्स की थ्रिलर फिल्म स्किनकेयर

**जानिए 2026 में क्यों बनी प्रासंगिक**



डिजिटल मंचों पर 2026 की शुरूआत से जिन फिल्मों को नई दर्शक-लहर मिल रही है, उनमें सस्पेंस थ्रिलर स्कीन केयर भी शामिल है। 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म अब ओटीटी पर दोबारा ट्रेंड कर रही है। ऑनलाइन मंच नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही इस फिल्म को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में देखा जा सकता है, जिससे भारतीय दर्शकों के बीच इसकी पहुंच और बढ़ी है।

मुख्य भूमिका में एलिजाबेथ बैंक्स हैं, जिन्होंने होप गोल्डमैन नाम की एक चर्चित फेशल विशेषज्ञ का किरदार निभाया है। 2026 में जब सौंदर्य और वेलनेस उद्योग कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उत्पादों, डिजिटल प्रचार और ऑनलाइन प्रतिष्ठा पर तेजी से निर्भर होता जा रहा है, ऐसे समय में यह फिल्म और भी प्रासंगिक हो उठती है। कहानी एक ऐसी पेशेवर महिला की है जो अपनी खुद की उत्पाद श्रृंखला शुरू करने की तैयारी में है, लेकिन प्रतिस्पर्धी, अफवाहों और डिजिटल उत्पीड़न के जाल में फंस जाती है।

फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक प्रतिस्पर्धी क्लिनिक खुलने के बाद होप की निजी और पेशेवर जिंदगी में अजीब घटनाएं होने लगती हैं। सोशल मीडिया के जरिए छवि धूमिल करना, अफवाह फैलाना और मानसिक दबाव बनाना–ये सब घटनाएं आज के समय में आम हो चुकी हैं। 2026 के परिप्रेक्ष्य में यह कहानी केवल एक थ्रिलर नहीं, बल्कि डिजिटल युग की असुरक्षाओं का प्रतिबिंब बन जाती है।

कथानक तब और रोचक हो जाता है जब होप को एहसास होता है कि साजिश किसी बाहरी प्रतिद्वंद्वी की नहीं, बल्कि उसके करीबी व्यक्ति की भी हो सकती है। भरोसे और महत्वाकांक्षा के बीच टकराव फिल्म का मूल भाव है। यही तत्व आज के प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में भी देखने को मिलते हैं, जहां सफलता की दौड़ कई बार रिश्तों को पीछे छोड़ देती है।

यह फिल्म 2014 के एक चर्चित आपराधिक मामले से प्रेरित बताई जाती है, लेकिन 2026 में इसकी प्रासंगिकता इसलिए बढ़ गई है क्योंकि सौंदर्य उद्योग अब बहु-अरब डॉलर का वैश्विक कारोबार बन चुका है। डिजिटल प्रतिष्ठा, ऑनलाइन समीक्षाएं और प्रभावशाली प्रचार किसी भी ब्रांड के उत्थान या पतन का कारण बन सकते हैं। ऐसे में स्किनकेयर की कहानी दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि चमकदार दुनिया के पीछे कितनी प्रतिस्पर्धा और असुरक्षा छिपी हो सकती है।

ओटीटी मंचों पर सस्पेंस और वास्तविक घटनाओं से प्रेरित कथाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी प्रवृत्ति के बीच स्किनकेयर को नई दर्शक-पीढ़ी मिल रही है। हिंदी संस्करण के उपलब्ध होने से छोटे शहरों और गैर-अंग्रेजी भाषी दर्शकों तक भी यह कहानी पहुंच रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में जब डिजिटल पहचान और पेशेवर छवि पहले से अधिक संवेदनशील हो चुकी है, तब यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक चेतावनी की तरह भी देखी जा सकती है। प्रतिस्पर्धा और महत्वाकांक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश इसके केंद्र में है।

इस तरह, दो वर्ष पुरानी यह थ्रिलर 2026 में नए संदर्भों के साथ फिर चर्चा में है। यदि आप मनोवैज्ञानिक रहस्य, पेशेवर प्रतिस्पर्धा और डिजिटल युग की चुनौतियों पर आधारित कहानी देखना चाहते हैं, तो स्किनकेयर आज भी उतनी ही प्रभावशाली प्रतीत होती है जितनी अपनी पहली रिलीज के समय थी।

### भारत को फाइनल में पहुंचाने वाले 5 हीरोः बुमराह-हार्दिक की गेंदबाजी से सेमीफाइनल जीते

# सैमसन का लगातार दूसरा प्लेयर ऑफ द मैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




भारत टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गया है। टीम ने गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 7 रन से हराया।

इस जीत में संजू सैमसन की लगातार दूसरी फिफ्टी और जसप्रीत बुमराह व हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी ने बड़ा रोल निभाया। इनके अलावा ईशान किशन और वरुण भी पूरे टूर्नामेंट में टीम के लिए अहम साबित हुए, जिनके प्रदर्शन ने भारत की फाइनल की राह आसान बनाई।

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में 97 रन की पारी खेली थी। वहीं ईशान किशन की पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की पारी ने टीम को जीत दिलाई थी। उधर वरुण भारत की ओर से टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

**जसप्रीत बुमराहः सटीक गेंदबाजी से जिताया–** गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में 254 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लैंड ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बना लिए थे। उस समय सैम करन 5 और जैकब बेथेल 81 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, तभी कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जसप्रीत बुमराह को गेंद थमाई। बुमराह ने इस ओवर में महज 8 रन दिए, जिससे इंग्लैंड पर दबाव बना। अगले ओवर में अर्शदीप सिंह ने 16 रन खर्च कर दिए। यहां से इंग्लैंड को 18 गेंद में 45 रन बनाने थे। बुमराह ने दबाव भरी परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन दिए और भारत की मैच में वापसी करा दी। इसका फायदा 19वें ओवर में हार्दिक पंड्या को मिला। पंड्या की गेंद पर सैम करन (18 रन) तिलक वर्मा को कैच थमा बैठे। इसके बाद मैच भारत के हाथ में चले गया। 14 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ 176 रन का टारगेट बचाते हुए बुमराह ने सईम अयूब (6 रन) और कप्तान सलमान अली आगा (4 रन) को एक ही ओवर में पवेलियन भेज दिया था। इसके बाद पाकिस्तान टीम उबर नहीं सकी और 61 रन से मैच हार गई। इस जीत के साथ भारत ने सुपर-8 में जगह बनाई थी। बुमराह अब तक 7 मैच में 10 विकेट ले चुके हैं।

**संजू सैमसनः लगातार 2 मैच विनिंग पारियां खेलीं–** सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 20 रन पर अभिषेक शर्मा (9 रन) का विकेट गंवा दिया था। यहां से संजू सैमसन ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेलकर मजबूत स्कोर की नींव रखी। उन्होंने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। सैमसन ने 1 मार्च को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो मैच में नाबाद 97 रन की पारी खेली थी। वे 196 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम के लिए ओपनिंग करने उतरे और टीम को जीत दिलाकर लौटे। सैमसन ने 50 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाए। वे पिछले दोनों अहम मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**हार्दिक पंड्याः सेमीफाइनल में दोहरा प्रदर्शन–** इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार्दिक पंड्या ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 12 गेंदों पर 225 के स्ट्राइक रेट से 27 रन बनाए और टीम इंडिया का स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। बॉलिंग करते हुए फिर पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट का विकेट लिया। उन्होंने 19वें ओवर में 9 ही रन दिए और इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। पंड्या ने अब तक खेले 8 मैचों में 163.11 के स्ट्राइक रेट से 199 रन बनाए, जिनमें दो फिफ्टी शामिल हैं। उन्होंने नई गेंद से बॉलिंग करते हुए विकेट भी लिए। वे टूनार्मेंट में 8 विकेट ले चुके हैं।

**ईशान किशनः पाकिस्तान के खिलाफ फिफ्टी लगाई–** ईशान पाकिस्तान के खिलाफ ओपनिंग करने उतरे, लेकिन उनके सामने अभिषेक शर्मा शून्य पर आउट हो गए। इसके बाद ईशान ने तिलक वर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने टीम को 175 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। ईशान ने 77 रन बनाए। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ भी 61 रन की पारी खेली थी। ईशान मौजूदा वर्ल्ड कप में भारत के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 8 मैच में 189.20 के स्ट्राइक रेट से 263 रन बनाए हैं, जिनमें 2 अर्धशतक शामिल हैं।

**वरुण चक्रवर्तीः भारत के टॉप विकेट टेकर–** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में वरुण भारत के टॉप विकेट टेकर हैं। अब तक खेले गए 8 मैचों में वे 13 विकेट चटका चुके हैं। उन्होंने नामीबिया और नीदरलैंड के खिलाफ 3-3 विकेट लिए थे, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ भी 2 विकेट झटके थे। हालांकि, वरुण पिछले 4 मैच में ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए। ग्रुप स्टेज के 4 मैचों में 9 विकेट लेने के बाद वे पिछले 4 मैच में 4 ही विकेट ले सके।

## इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के नए टी-20 कप्तान बने



### राशिद खान की जगह लेंगे, श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का ऐलान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इब्राहिम जादरान को टी-20 इंटरनेशनल टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। जादरान स्टार स्पिनर राशिद खान की जगह ली है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 और वनडे सीरीज के लिए गुरुवार को अपनी टीमें घोषित कर दीं।

बोर्ड के मुताबिक, जादरान अब टी-20 फॉर्मेट में टीम की अगुआई करेंगे और उनकी कप्तानी का पहला असाइनमेंट श्रीलंका के खिलाफ सीरीज होगी।

जादरान उपकप्तान भी रह चुके राशिद खान लंबे समय से अफगानिस्तान की टी-20 टीम की कप्तानी कर रहे थे, लेकिन हाल ही में हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के प्रदर्शन के बाद कप्तानी में बदलाव किया गया है। जादरान हाल के सालों में अफगानिस्तान के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में रहे हैं और पहले टीम के उपकप्तान भी रह चुके हैं। 13 मार्च से शुरू होगी सीरीज 13 मार्च को होने वाले पहले मैच से टी-20 मुकाबले से सीरीज की शुरूआत हो होगी। सीरीज का दूसरा और तीसरा टी-20 मैच15 और 17 मार्च को खेले जाएंगे। टी-20 सीरीज के तीनों मैच शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले मुकाबले से वनडे सीरीज की शुरूआत होगी।












### अमेरिका ने मॉस्को को दी 30 दिनों की मोहलत

## रूसी तेल खरीदना जारी रख सकेगा भारत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अनिश्चितता के बीच भारत को बड़ी खुशखबरी दी है। अमेरिका ने रूस को 30 दिनों के लिए समुद्र में फंसे अपने तेल को भारत को बेचने की अनुमति दी है। बीते दिनों सामने आया था कि भारत रूसी तेल खरीदने की तैयारी कर रहा है। रूस ने भी भारत को करीब 95 लाख बैरल कच्चा तेल भेजने की बात कही थी।

अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट देने का फैसला किया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह अस्थायी कदम उठाया गया है। स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इस छूट के तहत भारतीय रिफाइनरियां केवल उस रूसी तेल को खरीद सकेंगे, जो पहले से समुद्र में फंसा हुआ है। उन्होंने साफ किया कि यह जानबूझकर कम अवधि की व्यवस्था है और इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं मिलेगा।

**अमेरिकी तेल खरीद की आस में लिया फैसला–** अमेरिकी वित्त मंत्री बेसेंट ने इसे एक अस्थायी उपाय बताते हुए कहा कि इससे उस दबाव को कम करने में मदद मिलेगी, जो ईरान की वजह से वैश्विक ऊर्जा बाजार में पैदा हुआ है। इसके साथ ही अमेरिका को उम्मीद है कि भविष्य में भारत अधिक मात्रा में अमेरिकी तेल खरीदेगा। रॉयटर्स के अनुसार, मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुए तेल आपूर्ति संकट से निपटने के लिए भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चे तेल की तुरंत डिलीवरी वाले कार्गो खरीद रहे हैं। इस मामले से जुड़े छह सूत्रों ने बताया कि भारतीय कंपनियां लाखों बैरल रूसी तेल खरीदने की प्रक्रिया में हैं।

### ईरान संकट से सहमा शेयर बाजार: सोना, बॉन्ड और इक्विटी धड़ाम

# जानिए निवेशकों के लिए क्यों बना 'कैश ही किंग'




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान संकट के कारण ग्लोबल शेयर बाजार में भारी गिरावट। जानें क्यों निवेशक शेयर, सोना और बॉन्ड बेचकर नकद और डॉलर की ओर भाग रहे हैं। पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट ने मंगलवार को ग्लोबल वित्तीय बाजारों में हड़कंप मचा दिया है। इजरायल द्वारा लेबनान पर हमले और उसके जवाब में ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा बुनियादी ढांचे तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में टैंकरों पर किए गए हमलों के बाद निवेशकों में भारी घबराहट है। इसका सीधा असर भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा है।

शुरूआती कारोबार में निफ्टी 50 करीब 517 अंक यानी लगभग 2.06 फीसदी टूटकर 24,344 के आसपास कारोबार करता नजर आया। वहीं, सेंसेक्स भी करीब 1,700 अंक या 2.17 फीसदी गिरकर 78,596 के स्तर तक आ गया। इंडिया श्क 14% तक पहुंच गया है।

आइए समझते हैं बाजार में इतनी बड़ी गिरावट क्यों आई और निवेशक क्या रणनीति अपना रहे हैं।

बाजार में बिकवाली क्यों हो रही है?

आमतौर पर संकट के समय निवेशक इक्विटी (शेयर) बेचकर सुरक्षित निवेश (जैसे सोना और बॉन्ड) की तरफ भागते हैं। लेकिन इस बार बाजार का बर्ताव बिल्कुल अलग है। शेयर, बॉन्ड और सुरक्षित माना जाने वाला सोना, तीनों एक साथ गिर रहे हैं। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया के घटनाक्रम ने निवेशकों की स्थिति को हिला कर रख दिया है। 36 साउथ कैपिटल एडवाइजर्स के जॉर्ज एडकॉक के अनुसार, बाजार में अत्यधिक पोजीशनिंग और कम अस्थिरता का दौर अचानक पलट गया है, जिससे पूरे पोर्टफोलियो में 'वैल्यू-एट-रिस्क' शॉक देखा जा रहा है। आसान शब्दों में, जब कई सेक्टर्स में एक साथ घबराहट वाली बिकवाली होती है, तो जोखिम कम करने वाले पारंपरिक तरीके काम नहीं करते।

**बाजार की बिकवाली में किनसे बढ़ावा मिल रहा–**

**क्रूड और डॉलर में उछाल:** निवेशकों की पहली पसंद अब सिर्फ अमेरिकी डॉलर और तेल हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल में लगभग 7% की भारी तेजी आई है।

**ग्लोबल इक्विटी क्रैश:** वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स (एसएंडपी 500) 2% से अधिक गिर गए, जो दो महीने का सबसे निचला स्तर है।

**सोने में गिरावट:** सोमवार को चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने वाला सोना 4% गिर गया है। जानकारों के अनुसार, मार्जिन कॉल को चुकाने और लिक्विडिटी (नगदी) जुटाने के लिए निवेशक सोने में भी मुनाफावसूली कर रहे हैं।

**बॉन्ड यील्ड में तेजी:** अमेरिका की दो-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड बढ़कर 3.599% हो गई है, जो जनवरी के अंत के बाद सबसे अधिक है।

**निवेशक किस ओर रुख कर रहे हैं–** इस वैश्विक तनाव के बीच निवेशक जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर नगदी जमा कर रहे हैं। एलएसईजी लिपर डेटा के अनुसार, ग्लोबल मनी मार्केट फंड्स (शॉर्ट-टर्म कैश इंस्ट्रूमेंट्स) में 47.9 बिलियन डॉलर का भारी निवेश हुआ है, जो 17 फरवरी के बाद सबसे अधिक है। दूसरी ओर, निवेशकों ने ग्लोबल इक्विटी फंड्स से 9.1 बिलियन डॉलर निकाल लिए हैं। जेपी मॉर्गन एसेट मैनेजमेंट के डेविड केली का कहना है कि यह क्वालिटी की ओर उड़ान का दिलचस्प रूप है, जहां मांग सीधे शॉर्ट-टर्म कैश के लिए बढ़ रही है।

### पीएनबी घोटाला

## नीरव मोदी के दो भाइयों को अदालत का नोटिस



### भगोड़ा घोषित करने की प्रक्रिया शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक घोटाले से जुड़े मामले में विशेष अदालत ने फरार कारोबारी नीरव मोदी के भाई नीशल मोदी और नेहल मोदी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने पूछा कि उन्हें 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' क्यों न घोषित किया जाए। ईडी ने दोनों पर रकम छिपाने में मदद करने का आरोप लगाया है।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले से जुड़े मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने फरार हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भाइयों नीशल मोदी और नेहल मोदी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने उनसे पूछा है कि उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी क्यों न घोषित किया जाए। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ए वी गुजराथी ने यह नोटिस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जारी किया। ईडी ने अदालत से दोनों भाइयों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग की है। अदालत ने उनसे 7 मई तक जवाब देने को कहा है। नीरव मोदी की कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी आदित्य नानावटी और संदीप मिस्त्री को भी इसी तरह के नोटिस जारी किए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया जाता है, तो उसकी संपत्ति जब्त या कुर्क की जा सकती है।

नेहल ने रकम छिपाने में नीरव की थी मदद

ईडी के अनुसार नेहल मोदी ने फर्जी कंपनियों और विदेशों में लेन-देन के जरिये बड़ी रकम छिपाने में नीरव मोदी की मदद की थी।

### भारत के सर्विस सेक्टर में फरवरी में भी रही मजबूती

# पीएमआई 58.1 पर रहा, नए आर्डर की रफ्तार घटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



फरवरी में भारत के सर्विस सेक्टर ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। एचएसबीसी इंडिया का पीएमआई 58.1 पर रहा, जो सेक्टर में तेज विस्तार को दिखाता है। हालांकि, बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण नए आर्डर की ग्रोथ 13 महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सर्विस सेक्टर से अच्छी खबर आई है। फरवरी महीने में भी इस सेक्टर ने मजबूत ग्रोथ दिखाई है। सोमवार को जारी एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में सर्विस पीएमआई 58.1 पर रहा। यह लगातार सेक्टर में हो रही तेज बढ़ोतरी को दिखाता है। जब भी पीएमआई का आंकड़ा 50 से ऊपर होता है, तो इसे गतिविधियों में विस्तार माना जाता है।

एचएसबीसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के सर्विस सेक्टर का ग्रोथ आउटलुक यानी भविष्य का नजरिया स्थिर बना हुआ है। हालांकि, जनवरी के 58.5 के मुकाबले फरवरी में पीएमआई में मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह अब भी काफी मजबूत स्तर पर है।

**नए आर्डर की रफ्तार घटी, पर मांग मजबूत–** रिपोर्ट में एक चिंता की बात भी सामने आई है। नए आर्डर मिलने की रफ्तार 13 महीनों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। कुछ कंपनियों ने बताया कि ग्राहकों की ज्यादा पूछताछ और अच्छी मार्केटिंग से बिक्री बढ़ाने में मदद मिली। वहीं, कुछ अन्य कंपनियों का कहना था कि बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण वे तेजी से विस्तार नहीं कर पाईं।

**अर्थशास्त्री ने क्या कहा–** एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि फरवरी के पीएमआई आंकड़े सर्विस सेक्टर में एक और महीने की मजबूत ग्रोथ का संकेत देते हैं। उन्होंने बताया कि भले ही बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण नए आर्डर की ग्रोथ धीमी हुई, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बिक्री में एक मजबूत सुधार देखा गया। कामकाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सर्विस कंपनियों ने इस महीने भर्तियां भी बढ़ाईं।

#### कंपोजिट पीएमआई तीन महीने के शिखर पर

सर्विस सेक्टर के साथ-साथ निजी क्षेत्र की कुल गतिविधियों में भी मजबूती दिखी। कंपोजिट पीएमआई, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों सेक्टर के आंकड़े शामिल होते हैं, फरवरी में बढ़कर 58.9 पर पहुंच गया। यह पिछले तीन महीनों में ग्रोथ की सबसे तेज रफ्तार है, जिसे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के मजबूत प्रदर्शन से सहारा मिला है।

#### फाइनेंस और बीमा सेक्टर का प्रदर्शन सबसे अच्छा

अगर सर्विस सेक्टर के अलग-अलग हिस्सों की बात करें तो फाइनेंस और बीमा एक बार फिर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र बनकर उभरे हैं। इन क्षेत्रों ने उत्पादन और नए आर्डर दोनों में सबसे तेज बढ़ोतरी दर्ज की है। हालांकि, यहां भी विस्तार की गति पहले के महीनों के मुकाबले कुछ धीमी रही। दूसरी ओर, रियल एस्टेट और बिजनेस सर्विस सेक्टर उत्पादन और नए आर्डर के मामले में बाकी क्षेत्रों से पीछे रहे।

### पश्चिम एशिया संकट का तेल पर कितना असर

# 19 माह के उच्च स्तर पर पहुंचा ब्रेंट क्रूड, एक दिन में 7.8% बढ़े दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष से आपूर्ति संकट की आशंका गहराने लगी है। ब्रेंट क्रूड 7.8% उछलकर 83.79 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा और 85 डॉलर के करीब चला गया, जबकि डब्ल्यूटीआई भी 76.54 डॉलर पर पहुंच गया। होर्मुज मार्ग से आपूर्ति बाधित होने का खतरा बाजार को चिंतित कर रहा है। अगर ऊर्जा ढांचे पर हमले बढ़े, तो कीमतों में और उछाल आ सकता है।

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आपूर्ति संकट की आशंका से कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय कच्चा तेल मानक ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 6.05 डॉलर या 7.8 फीसदी बढ़कर 84 डॉलर के करीब 83.79 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। एक समय यह 19 महीने के उच्च स्तर 85.12 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। यह ब्रेंट का जुलाई, 2024 के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिकी मानक यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 5.31 डॉलर या 7.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 76.54 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई।

कारोबार के दौरान एक समय डब्ल्यूटीआई क्रूड 77.53 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया था, जो जून, 2025 के बाद इसका उच्च स्तर है। आईएनजी के विश्लेषक ने एक नोट में कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग से कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। बाजार के लिए एक बड़ा जोखिम यह होगा कि ईरान इस इलाके में और ऊर्जा बुनियादी ढांचों को निशाना बना रहा है। इससे कच्चे तेल की आपूर्ति लंबे समय तक प्रभावित हो सकती है।

**बर्नस्टीन की रिपोर्ट–** उधर, बर्नस्टीन ने एक रिपोर्ट में कहा, मौजूदा संघर्ष लंबे समय पर जारी रहा तो 2026 में ब्रेंट क्रूड की कीमतें बढ़कर 120-150 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच सकती हैं। डाटा विश्लेषक कंपनी केप्लर का कहना है कि उपग्रह नेविगेशन प्रणालियों में व्यवधान के कारण टैंकर की आवाजाही में भारी कमी आई है।

## भारत ने ईरानी युद्धपोत की मदद के लिए सर्च-ऑपरेशन चलायाः



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जंग का आज छठा दिन है। इस बीच भारतीय नौसेना ने बयान जारी कर बताया है कि उसने बुधवार को अमेरिकी हमले के बाद डूबे ईरानी युद्धपोत कफ्फ्र देना की मदद के लिए सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। भारतीय नौसेना के मुताबिक 4 मार्च की सुबह कोलंबो स्थित मैरीटाइम रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर को जहाज से संकट संदेश मिला। उस समय जहाज श्रीलंका के गाले तट से करीब 20 नॉटिकल मील पश्चिम में था।

सूचना मिलने के बाद भारतीय नौसेना ने लंबी दूरी का समुद्री निगरानी विमान भेजा और एक अन्य विमान लाइफ राफ्ट के साथ स्टैंडबाय पर रखा। इसके अलावा पास में मौजूद क्रूर तरंगिनी को भी बचाव अभियान में लगाया गया।

अमेरिकी हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं, जबकि 32 घायल हैं, जिन्हें श्रीलंका के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा कई लापता है। भारतीय नौसेना ने कहा कि श्रीलंका के साथ मिलकर लापता लोगों की तलाश की जा रही है। भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी।

अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

### सोना ?30 हजार बढ़ने की उम्मीद; अमेरिका-ईरान जंग का असर

# होर्मुज बंद नहीं होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल महंगे हो सकते हैंः 4-5 रुपए बढ़ सकते हैं दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि फिलहाल होर्मुज जलमार्ग को बंद करने का कोई इरादा नहीं है। एक दिन पहले जब अमेरिकी हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे तो आशंका जताई जा रही थी कि ईरान होर्मुज को बंद कर सकता है।

अगर होर्मुज बंद होता तो कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकते थे। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता था। हालांकि एक्सपर्ट अभी भी मान रहे है कि कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी का जोखिम अभी भी बना हुआ है।



### इसकी तीन वजहे हैं

**1. ऑयल टैंकर पर हमले:** ईरान होर्मुज जलमार्ग को आधिकारिक तौर पर बंद न करे लेकिन वह ऑयल टैंकर्स पर हमले कर सकता है। हाल ही में पर्शियन गल्फ के मुहाने पर तीन जहाजों पर हमला किया भी गया है। इस हमले के बाद टैंकर कंपनियां इस रास्ते से दूर हो रही है। अगर इजराइल और अमेरिका के साथ चल रही ये जंग लंबी खिंचती है तो इस तरह के हमले आगे भी जारी रह सक ते हैं। इससे शिपिंग कंपनियां उस रास्ते से जाने से डरेंगी और रास्ता तकनीकी रूप से खुला रहने के बावजूद क्रूड की सप्लाई ठप हो जाएगी और कीमतें बढ़ेंगी।

**2. इंश्योरेंस और शिपिंग लागतः** युद्ध जैसे हालात में समुद्री रास्तों पर जोखिम बढ़ जाता है। इस वजह से कच्चे तेल लाने वाले जहाजों का 'वॉर रिस्क इंश्योरेंस' और शिपिंग भाड़ा महंगा हो जाता है। यह बढ़ी हुई लागत अंत में कच्चे तेल की कीमतों को ऊपर ले जाती है।

**3. मार्केट में पैनिकः** ग्लोबल मार्केट हमेशा भविष्य की आशंकाओं पर चलता है। जब तक मिडिल ईस्ट में तनाव पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक कच्चे तेल में तेजी रह सकती हैं।

### भारत में पेट्रोल-डीजल 4-5 रुपए बढ़ सकते हैं..

पेट्रोल डीजलः दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल ?88 से बढ़कर 92 तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह से दाम बढ़ सकते हैं।

पहले जब होर्मुज के बंद होने की खबरें आई थी तब एक्सपर्ट अनुमान लगा रहे थे कि कच्चे तेल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकते हैं। वहीं पेट्रोल 105 रुपए तक पहुंच सकता है।

अब ईरान के विदेश मंत्री के बयान के बाद एक्सपर्ट कच्चे तेल के 100 डॉलर तक पहुंचने का अनुमान लगा रहे हैं। इसी आधार पर पेट्रोल-डीजल के रेट अनुमान में भी थोड़ी कमी की गई है।। भारत अपनी जरूरत का 90% तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50% क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ये रास्ता पूरी तरह से या थोड़ा बहुत ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ जाएंगी।

### कंपनियां कीमतें बदलने के लिए स्वतंत्र, लेकिन अंतिम फैसला सरकार के हाथ में

भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सरकारी तेल कंपनियां तय करती हैं। पिछले 15 दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निर्भर करती हैं। हालांकि कंपनियां बेस प्राइस तय करती हैं। आम आदमी तक पहुंचने वाली अंतिम कीमत में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के टैक्स का बड़ा हिस्सा होता है।

## होर्मुज बंद हुआ तो ईरान को भी नुकसान होगा




सुप्रीम लीडर की मौत के बाद ईरानी सेना जवाबी कार्रवाई के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है। इसमें अमेरिकी मिलिट्री बेस को निशाना बनाना और इजराइली इलाकों पर हमला करना शामिल है। लेकिन ईरान के पास सबसे बड़ा 'जियोपॉलिटिकल हथियार' होर्मुज स्ट्रेट को बंद करना है। इससे वो पूरी दुनिया की इकोनॉमी पर दबाव बना सकता है। हालांकि होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से ईरान की अपनी इकोनॉमी भी तबाह हो सकती है क्योंकि वह खुद अपना तेल एक्सपोर्ट नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, ईरान के तेल का सबसे बड़ा खरीदार चीन है।अगर सप्लाई बाधित होती है तो चीन के साथ रिश्ते बिगड़ सकते हैं।

### सऊदी अरब के पास 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन'

होर्मुज स्ट्रेट के विकल्प के तौर पर सऊदी अरब के पास 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' है। यह 746 मील लंबी पाइपलाइन देश के एक छोर से दूसरे छोर (रेड सी टर्मिनल) तक जाती है। इसके जरिए रोजाना 50 लाख बैरल कच्चा तेल भेजा जा सकता है। भारत और अन्य एशियाई देश इस तरह के वैकल्पिक रास्तों और सुरक्षित भंडारों पर नजर बनाए हुए हैं।

### अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग, कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू

# कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू, श्रीनगर लगातार पांचवे दिन बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग के कारण मिडिल ईस्ट के देशों में भारत के लिए उड़ान सेवा प्रभावित हुई है। हालांकि बीते 2 दिन में हालात आंशिक रूप से सुधरे हैं। स्पाइसजेट मिडिल ईस्ट में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए गुरुवार को वअए से 13 स्पेशल फ्लाइट्स चलाएगी। इनमें 12 फुजैराह से और 1 दुबई से चलेंगी। फुजैराह से मुंबई के लिए सात और दिल्ली के लिए पांच स्पेशल फ्लाइट्स चलेंगी। वहीं एक फ्लाइट दुबई से मुंबई आएगी।

इधर, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए। 1 मार्च से आज लगातार पांचवे दिन श्रीनगर में लाल चौक पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षाबल की तैनाती है। गलियों के बाहर तार फैंसिंग की गई है। इस बीच 4 दिन बंद पड़ी कोलकाता-दुबई की उड़ानें आज से दोबारा शुरू की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट गुरुवार सुबह एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसमें 130 यात्री थे। बोइंग 737 मैक्स वाला यह प्लेन यहां से 55 यात्रियों को लेकर दुबई रवाना हुआ। स्पाइसजेट के मुताबिक गुरुवार को दुबई से मुंबई के लिए रत्रृ9014 और फुजैरा से मुंबई के लिए SG 9036 उड़ान चलेंगी। फुजैरा से दिल्ली के लिए SG 9006, रत्रृ9082 और SG 9085 और फुजैरा से मुंबई के लिए SG 9087 और SG 9089 उड़ानें भी ऑपरेट की जा रही हैं। स्पाइसजेट ने 6 मार्च को भी फुजैराह से मुंबई और दिल्ली के लिए कई अतिरिक्त उड़ानें तय की हैं। 7 मार्च को फुजैराह से मुंबई के लिए एक स्पेशल फ्लाइट ऑपरेट की जाएगी।



### बॉम्बे हाईकोर्ट ने एयरपोर्ट पर नमाज की अनुमति से किया इनकार, सुरक्षा को बताया सर्वोपरि

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि किसी भी स्थान पर नमाज अदा करना धार्मिक अधिकार नहीं माना जा सकता, खासकर ऐसे स्थान पर जहां सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दे हों। अदालत ने मुंबई एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने की अनुमति देने से इन्कार करते हुए कहा कि सुरक्षा के मामले में कोई समझौता नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीपी कोलाबावाला और जस्टिस फिरदोस पूनिवाला की पीठ टैक्सी-रिक्शा ओला-उबर मेंस यूनियन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड हुआ करता था, जहां चालक नमाज अदा करते थे, लेकिन पिछले साल प्रशासन ने उसे तोड़ दिया। यूनियन ने अदालत से उसी स्थान के उपयोग की अनुमति देने या आसपास किसी अन्य जगह आवंटित करने की मांग की थी।

### एअर इंडिया बोला- भारतीय को वापस लाने का काम जारी

एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने कहा- 28 फरवरी या उससे पहले बुक टिकट वाले यात्री अपनी उड़ान मुफ्त में रीशेड्यूल करा सकते हैं या टिकट कैंसिल करके पूरा रिफंड ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि हमारी मिडिल ईस्ट के हालातों पर नजर बनी हुई है। दुबई और जेद्दा से फ्लाइट ऑपरेट की जा रही हैं। वहां फंसे भारतीय लाने की कोशिशें जारी हैं।

## जाहिर सूचना

कृषि भूमि सर्वेक्षण संख्या 72/1/1 क्षेत्रफल 0.1800 वर्ग मीटर और आवासीय भूखंड संख्या 71 बी, भूखंड संख्या 119 पी क्षेत्रफल 64 वर्ग मीटर ग्राम पिपल्याथोछा तह. व जिला उज्जैनकेसबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित कृषि भूमि एवं उक्त आवासिय भूखण्ड मेरे पक्षकार के द्वारा कृषि भूमि स्वामी पीरीया उर्फ पीरूलाल पिता केशा जाति बागरी व भूखण्ड स्वामी श्रीमती रामकुंवरबाई पति पीरूलाल निवासीगण ग्राम पिपल्याथोछा तह. व जिला उज्जैन से विधिवत कय करने का बंधपत्र संपादित किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई है तथा विक्रय पत्र का संपादन होना शेष है।

यदि उक्त कृषि भूमि एवं भूखण्ड पर किसी व्यक्ति संस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ आदि बकाया हो या अन्यथा भारीत हो या किसी दीगर व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति के विक्रय पर कोई विधिक आपत्ति हो या अन्यथा कोई हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मेरे कार्यालय में लेखी में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अपने हित में निष्पादित करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा एवं नियत अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधकारी नहीं रहेगी सूचित हो । दिनांक- 06/03/2026

**गणेश कुमावत, अश्विन कुमावत अधिवक्तागण**
**कार्यालय - भार्गव काम्पलेक्स तीन बत्ती चौराहा फ्रीगंज उज्जैन**
**मो0 9827381808,9200092666**

## यूक्रेन जंग में फंसा है

# जेलेंस्की बोले- रूस, ईरान की मदद नहीं कर सकता: उसके पास इतनी ताकत नहीं बची

ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिसबेन

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस फिलहाल ईरान की मदद करने की स्थिति में नहीं है। उनके मुताबिक रूस की ज्यादातर सैन्य ताकत यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध में उलझी हुई है।

जेलेंस्की ने एक इंटरव्यू में कहा कि रूसी सेना का बड़ा हिस्सा यूक्रेन युद्ध में लगा हुआ है और इसी वजह से मॉस्को के पास ईरान की खुलकर मदद करने की क्षमता नहीं बची है।

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस ईरान को कुछ सैन्य तकनीक या उपकरण दे सकता है, जैसे शाहेद ड्रोन से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट। उनके मुताबिक ईरानी ह्नशाहेदह्न ड्रोन में रूसी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट होने के संकेत मिले हैं।

### भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक जताया

भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

अमेरिका ने बुधवार को भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत क्फ्क्र देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार अब तक 87 शव बरामद किए गए हैं, जबकि 32 लोगों को बचा लिया गया है। रॉयटर्स के मुताबिक करीब 60 लोग अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। यह ईरानी जहाज 18 फरवरी को भारत के विशाखापट्टनम में आयोजित 2026 इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू और टक्छअठ-2026 मल्टीलेटरल नेवल एक्सरसाइज में हिस्सा लेने आया था। 25 फरवरी को यह भारत से रवाना हुआ था। जब इस पर हमला हुआ तब यह जहाज दक्षिणी श्रीलंका के गाले शहर से करीब 40 समुद्री मील (करीब 75 किलोमीटर) दूर था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार है जब अमेरिकी नौसेना की पनडुब्बी से दागे गए टॉरपीडो ने किसी जहाज को युद्ध में निशाना बनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका अब तक ईरान के 20 वॉरशिप को समुद्र में डुबो चुका है।






### ईरान की चेतावनी- हमलों पर चुप रहे तो कीमत चुकाएंगे यूरोपीय देश

ईरान ने कहा है कि अगर यूरोपीय संघ के देश अमेरिका और इजराइल के हमलों पर चुप रहते हैं तो उन्हें ह्लजल्द या देर से इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।ह्व ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने स्पेन के ब्रॉडकास्टर ळश्ए से बातचीत में यह चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देशों को इन हमलों पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए, वरना इसके परिणाम उन्हें भी भुगतने पड़ सकते हैं।

## हमारी ऑयल फैसिलिटी पर हमला हुआ-बहरीन

बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा है कि देश के मामीर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक ऑयल इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा को निशाना बनाया गया है। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि मामीर इलाके में एक सुविधा पर हमला हुआ है और संबंधित एजेंसियां इस घटना को संभाल रही हैं। मामीर क्षेत्र में बहरीन पेट्रोलियम कंपनी की रिफाइनरी के साथ-साथ कई औद्योगिक इकाइयां मौजूद हैं। फिलहाल हमले के पीछे किसका हाथ है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है और मामले की जांच जारी है।

इजराइल ने कहा है कि उसने लेबनान के उत्तरी शहर त्रिपोली में हमास के एक कमांडर को मार गिराया है। इजराइली सेना के मुताबिक यह कार्रवाई उसके नौसेना बलों ने की। सेना का कहना है कि मारा गया कमांडर वसीम अतल्लाह अली हमास लड़ाकों को प्रशिक्षण देता था। इस घटना पर हमास की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अजरबैजान ने ईरान बॉर्डर के पास अपने एयरस्पेस का एक हिस्सा 12 घंटे के लिए बंद कर दिया है। यह फैसला उस घटना के बाद लिया गया जब अजरबैजान ने दावा किया कि ईरान से आए ड्रोन उसके नखचिवान स्वायत्त क्षेत्र में घुस आए और कुछ इलाकों में नुकसान पहुंचाया।



### इजराइल बोला- ईरान से मिसाइलें दागी गईं

इजराइली सेना ने कहा है कि ईरान ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागी हैं और उन्हें रोकने के लिए एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिए गए हैं। सेना ने नागरिकों से कहा है कि अलर्ट मिलते ही सुरक्षित शेल्टर या संरक्षित



स्थानों में चले जाएं और अगले आदेश तक वहीं रहें।

### ईरान ने श्रीलंका से नौसैनिकों के शव मांगे

अमेरिकी हमले से हिंद महासागर में डूबे ईरानी युद्धपोत के नाविकों के शव वापस भेजने के लिए ईरान ने श्रीलंका से औपचारिक अनुरोध किया है। श्रीलंका के उप स्वास्थ्य मंत्री हंसाका विजेमुनी के अनुसार ईरान ने अपने मृत नौसैनिकों के शव अंतिम संस्कार के लिए वापस भेजने की मांग की है। बताया गया है कि हालिया हमले के बाद समुद्र से कई शव बरामद किए गए थे। हालांकि युद्ध के चलते शवों को तुरंत वापस भेजने की प्रक्रिया में देरी हो सकती है।

### जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत की

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज दोपहर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से बातचीत की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के संबंध में ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बदर बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी से भी चर्चा की।

### मिडिल ईस्ट से 20 हजार अमेरिकी नागरिक स्वदेश लौटे

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद से अब तक करीब 20,000 अमेरिकी नागरिक मिडिल ईस्ट से वापस अमेरिका लौट चुके हैं। विभाग के मुताबिक 28 फरवरी के बाद क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच बड़ी संख्या में अमेरिकी नागरिकों ने स्वदेश लौटना शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अमेरिकी नागरिक तीसरे देशों के जरिए निकाले गए हैं या फिलहाल अमेरिका लौटने के रास्ते में हैं, हालांकि उनकी सटीक संख्या नहीं बताई गई है। अमेरिकी सरकार ने कहा कि जो नागरिक मिडिल ईस्ट छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए चार्टर फ्लाइट और जमीनी परिवहन की व्यवस्था की जा रही है

# अमेरिका ने ईरान के मोबाइल मिसाइल लॉन्च ट्रक को उड़ाया:इजराइल-ईरान जंग के बीच बंकर में शादी

ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान

ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का आज छठा दिन है। इजराइली और अमेरिकी सेनाओं ने गुरुवार को भी ईरान के अहम ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। ईरान के इजराइल और गल्फ देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के साथ अन्य जगहों पर भी हमले जारी हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई की मौत हो चुकी है। अमेरिका-इजराइल तीन दिन में 2000 से ज्यादा बम गिरा चुके हैं। इससे ईरान में 1,045 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

मिशा नाम के एक शख्स ने बुधवार को इजराइल के तेल अवीव स्थित एक भूमिगत बम शेल्टर में शादी की। इस दौरान अपनी दुल्हन लियोर के चेहरे पर घूंघट डाला। यह शादी पहले



पेटाह टिकवा में होने वाली थी, लेकिन जंग की वजह से इसे बम शेल्टर में शिफ्ट किया गया। मिशा ने कहा- हालात कैसे भी हों नई शुरूआत होनी चाहिए। जिंदगी रुकना नहीं चाहिए।



इजराइल में यहूदी पर्व पुरिम मनाया जा रहा है। इस मौके पर तेल अवीव के एक बम शेल्टर में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। पुरिम पर्व प्राचीन फारस में यहूदियों के नरसंहार से बचाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है।

### कहीं समर्थन तो कहीं विरोध

**लंदन में संसद भवन के सामने 4 मार्च को सैंकड़ों लोगों ने ईरान के इस्लामी शासन के खिलाफ रैली निकाली। ये लोग हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखाई दिए।**

**कश्मीर में पिछले पांच दिनों से ईरान जंग के खिलाफ प्रदर्शन चल रहा है। बुधवार को बड़गाम में लोगों ने ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की हत्या का विरोध किया।**

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | य | हा | दु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | है | रा | दी | ना | न | य | ग | रू |
| ई | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | हे | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | व | ण | गो | व |
| द | र | ना | न | ट्रे | रू | ह | र | गो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | रा | हे | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | त | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | व | त | म |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ




## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# नेपाल में वोटिंग खत्म, 60% वोटिंग हुई: पीएम कार्की बोलीं- अब मेरा रोल पूरा हुआ



**नेपाल में आम चुनाव के लिए गुरुवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के मुताबिक दोपहर 60% वोटिंग हुई। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला था। उन्होंने कहा कि अब उनका रोल पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। नेपाल चुनाव पर दुनिया के कई देशों की नजर है, क्योंकि सितंबर 2025 में युवाओं के हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह पहला आम चुनाव है। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी, जो अब चुनाव करा रही है। इस चुनाव में काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह, केपी शर्मा ओली और गगन थापा को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।**

## 24 घंटे में नतीजे आ जाएंगे



चुनाव में कुल 65 राजनीतिक दल मैदान में हैं। मतदान खत्म होते ही मतगणना शुरू हो जाएगी। उम्मीद है कि अगले 24 घंटे के भीतर सामने आ जाएंगे। देश के सभी 77 जिलों में एक ही चरण में सुबह 7 बजे (भारतीय समय के मुताबिक 6:45 बजे) से शाम 5 बजे (भारतीय समय के मुताबिक 4:45 बजे) तक वोटिंग होगी। इसके लिए देशभर में 23 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं। करीब 1.9 करोड़ वोटर्स ने चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें लगभग 8 लाख युवा पहली बार वोट देंगे। नेपाल में मतदान की न्यूनतम उम्र 18 साल है। नवंबर 2022 के पिछले संसदीय चुनाव की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा वोटर रजिस्टर्ड हुए हैं। युवा आंदोलन के बाद राजनीति में लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है।

### काफी संख्या में GenZ युवाओं में वोटिंग की

नेपाल के चुनाव आयोग के अनुसार इस बार ॠल्ले के युवाओं ने चुनाव में काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। करीब 10 लाख नए Gen-Z मतदाताओं ने इस चुनाव के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था और इनमें से बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदान किया। हालांकि कितने युवाओं ने वोट डाला, इसका सटीक आंकड़ा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी किया जाएगा।

### कार्की बोलीं- नई सरकार से युवाओं को बहुत उम्मीदें

नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा है कि वह गुरुवार को हुए चुनाव के बाद जल्द से जल्द सत्ता नई चुनी हुई सरकार को सौंपना चाहती हैं। चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, देखते हैं किस तरह की सरकार बनती है। गठबंधन की या किसी एक पार्टी की। हम कोशिश करेंगे कि सत्ता का ट्रांसफर जल्दी हो, क्योंकि नई सरकार से युवाओं को बहुत उम्मीदें हैं।

### नेपाल में वोटिंग कैसे होती है?

नेपाल में 2015 से मिश्रित (मिक्सड) चुनाव प्रणाली लागू है। इसके तहत संसद की कुल 275 सीटों में से 165 सांसद सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं। यानी इन सीटों पर लोग अपने क्षेत्र के उम्मीदवार को वोट देकर चुनते हैं। बाकी 110 सीटें अनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से भरी जाती हैं। इसमें राजनीतिक दलों को देशभर में जितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, उसी अनुपात में उन्हें संसद में सीटें मिलती हैं और पार्टियां अपने सांसदों को नामित करती हैं।






# गगन थापा-बालेन शाह और केपी शर्मा ओली के बीच मुकाबला

### नेपाल चुनाव 2026




| वोटिंग | रिजल्ट | कुल सीटें |
|---|---|---|
| 5 मार्च | 6 मार्च (संभावित) | 275 |

| वोटर | बहुमत |
|---|---|
| 1.89 करोड़ | 138 सीटें |

| डायरेक्ट इलेक्शन | प्रपोशनल रिप्रजेंटेशन सिस्टम |
|---|---|
| 165 सीटें | 110 सीटें |

प्रपोशनल रिप्रजेंटेशन सिस्टम में व्यक्ति की बजाय पार्टी को वोट देते हैं

जिस पार्टी को जितने प्रतिशत वोट मिलते हैं, उसे इन सीटों में उतनी ही हिस्सेदारी मिलती है

जिस पार्टी के पास 50% सांसद होंगे, वही सरकार बनाएगी

### प्रधानमंत्री पद के दावेदार



| बालेन शाह | गगन थापा |
|---|---|
| उम्र : 35 साल | उम्र : 49 साल |
| राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी | नेपाली कांग्रेस |
| एजुकेशन : M.Tech | एजुकेशन : MA |
| काठमांडू के पूर्व मेयर, रैपर, इंजीनियर | फायरब्रांड स्पीकर और कांग्रेस का नया चेहरा |
| Gen Z में पॉपुलर लीडर, प्रोटेस्ट का चेहरा बने | काम करने वाले नेता की पहचान |
| हमेशा काला चश्मा पहनते हैं, नेपाल में 'बालेन स्टाइल' के चश्मे बिकते हैं | 2016-17 में हेल्थ मिनिस्टर रहते हुए नेशनल हेल्थ इंश्योरेंस प्रोग्राम शुरू किया |

### नेपाल चुनाव पर अमेरिका, चीन और भारत की नजर

नेपाल में हो रहे संसदीय चुनाव पर सिर्फ देश के भीतर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रखी जा रही है। खासकर अमेरिका, चीन और भारत इस चुनावी प्रक्रिया और इसके नतीजों को ध्यान से देख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि दक्षिण एशिया में रणनीतिक और राजनीतिक प्रभाव को लेकर अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है, और इस संदर्भ में नेपाल का महत्व भी काफी बढ़ गया है।

## नेपाल में युवाओं का विदेश जाना बड़ा चुनावी मुद्दा

नेपाल में इस बार चुनाव के दौरान युवाओं का बड़े पैमाने पर विदेश जाना एक अहम मुद्दा बनकर उभरा है। देश में रोजगार के सीमित अवसरों के कारण हर साल बड़ी संख्या में युवा काम की तलाश में खाड़ी देशों, मलेशिया और अन्य देशों का रुख करते हैं। इसका असर नेपाल की अर्थव्यवस्था, समाज और परिवारों पर भी पड़ रहा है। इसी वजह से लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपने चुनावी वादों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठा रहे हैं। दलों का कहना है कि युवाओं को विदेश जाने के लिए मजबूर होने की बजाय देश के भीतर ही रोजगार के बेहतर अवसर मिलना चाहिए। नेपाली कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि विदेश जाने वाले युवाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य सहायता और परामर्श की व्यवस्था की जाएगी, ताकि वे विदेश में काम करते समय आने वाली मानसिक और सामाजिक चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सकें। वहीं नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) ने वादा किया है कि विदेश में काम करने के लिए जाने वाले लोगों को भारी कर्ज लेने की मजबूरी कम की जाएगी। इसके लिए भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सस्ती बनाने की बात कही गई है। इसके अलावा कुछ राजनीतिक दलों ने यह भी कहा है कि विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से अवैध रूप से पैसे वसूलने वाले दलालों और एजेंटों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना है कि इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार को मजबूत निगरानी व्यवस्था बनानी होगी।

■ वर्ष-12 अंक-122 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 06 मार्च, 2026

### सुभाषितानि

अनित्यानि शरीराणि विभवो नैव शाश्वतः।
नित्य संनिहितो मृत्युः कर्तव्यो धर्मसङ्ग्रहः।।

**भावार्थ** : शरीर शाश्वत है; पैसा भी स्थायी नहीं है; और मृत्यु निश्चित है, इसलिए धर्मसंग्रह करना चाहिए।

जीवन्तं मृतवन्मन्ये देहिनं धर्मवर्जितम्।
मृतो धर्मेण संयुक्तो दीर्घजीवी न संशयः।।

**भावार्थ** : मैं धर्महीन आदमी को जिंदा होते हुए भी मरा हुआ मानता हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक धर्मी व्यक्ति मृत्यु के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहता है।

## इदानीं निःशर्तं क्षमायाचनं न स्वीकुर्मः इति सः अवदत्

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

ज्ञातव्यं यत् एनसीईआरटी कक्षा 8 सामाजिकविज्ञानपुस्तके भ्रष्टन्यायव्यवस्थायाः, लम्बितप्रकरणानाम् च चर्चा कृता आसीत्। अद्यतनसुनवाये सीजेआई इत्यनेन उक्तं यत् एतत् षड्यंत्रं भवितुम् अर्हति। इदानीं निःशर्तं क्षमायाचनं न स्वीकुर्मः इति सः अवदत्, भविष्ये यः कोऽपि तत् करिष्यति तस्य सम्भावना अधिका भविष्यति इति च अवदत्। अस्याः संस्थायाः गौरवस्य कलङ्कं कर्तुं न शक्नुमः। श्रवणकाले केन किम् उक्तम्? एसजी उक्तवान् यत् यत् पुस्तकं विपण्यां प्रकाशितम् आसीत् तत् निवृत्तम् अस्ति। भारतीयन्यायपालिकां भ्रष्टं इति चित्रयन् अतीव गणितीयं कदमम् इति सीजेआइ इत्यनेन उक्तम्। सम्पूर्णः शिक्षणसमुदायः तत् ट्रोल् करोति। न्यायाधीशः बाग्ची इत्यनेन उक्तं यत् अङ्कीययुगे पुस्तकस्य सहस्राणि प्रतिकृतयः अवश्यमेव निर्मिताः सन्ति।

## सम्पादकीयम्

### केन्द्रसर्वकारेण एआइ-जनितसामग्रीणां नियमाः

केन्द्रसर्वकारेण डीपफेक, एआइ-जनितसामग्री च डिजिटलविनियमाः कठिनाः कृताः। प्रौद्योगिक्याः दुरुपयोगं निवारयितुं एतस्य तत्काल आवश्यकता आसीत्। नकलीसामग्रीभिः सह हेरफेरकृताः श्रव्यः, भिडियो, बिम्बाः च सामाजिकसौहार्दं बाधन्ते, जनसमुदायस्य राष्ट्रस्य च सुरक्षायाः कृते खतराम् उत्पद्यन्ते नियन्त्रणं न उद्देश्यम्। सामाजिकमाध्यमेषु यत्किमपि नियमं भवति तत् प्रायः अभिव्यक्तिस्वतन्त्रतायाः प्रश्नेन सह मिलति, सर्वकारः कियत्पर्यन्तं तस्य निरीक्षणं कर्तुं शक्नोति इति च। अस्मिन् विषये नूतनाः नियमाः महत्त्वपूर्णाः सन्ति, येषु नियन्त्रणस्य अपेक्षया नियमनस्य प्राथमिकता भवति। लक्ष्यं भवति यत् दर्शकाः वास्तविकसामग्रीणां नकलीसामग्रीणां च भेदं अवगच्छन्ति येन दुर्भावनापूर्णप्रयोजनार्थं तस्य उपयोगः न भवति। कम्पनयः उत्तरदायी भवन्ति। नूतननियमानुसारं एआइ-जनितसामग्री सर्वदा लेबलं करणीयम्। अस्मिन् सामग्रीयाः स्रोतः अपि चिन्तयितुं आवश्यकं भवति, यदि कोऽपि सामग्री अवैधः अस्ति तर्हि त्रिघण्टाभिः अन्तः एव तस्याः निष्कासनं करणीयम्। अनुपालनस्य समयसीमा अपि सर्वकारेण न्यूनीकृता अस्ति। यस्मिन् वेगेन वस्तूनि ऑनलाइन-रूपेण वायरल् भवन्ति तत् दृष्ट्वा क्रियायाः त्वरितीकरणं आवश्यकम् आसीत्। सामाजिकमाध्यममञ्चाः तेषां वरिष्ठाधिकारिणः च कार्यवाही कर्तुं प्रभारी स्थापिताः, यत् सर्वथा सम्यक अस्ति।

### गुजरातस्य पारिज् आर्द्रभूमिः दशवर्षेषु सरुस् क्रेन्

## इत्यस्य संख्या त्रिगुणा अभवत् ५०० तः १४७७ तः अधिका



ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद

गुजरातस्य खेडामण्डले स्थितः परिज आर्द्रभूमिः आर्द्रभूमिसंरक्षणक्षेत्रे विलक्षणं उदाहरणं स्थापितवान् अस्ति। विश्वस्य सर्वोच्चस्य उड्डयनपक्षिणः सरुस् क्रेन् इत्यस्य संख्या विगतदशके त्रिगुणाधिका अभवत्। २०१५ तमे वर्षे ५०० इत्येव आसीत, अतः २०२५ तमे वर्षे १,४७७ इत्येव संख्या वर्धते इति अनुमानितम् अस्ति। एषा वृद्धिः निरन्तरसंरक्षणप्रयत्नानाम्, सर्वकारीयपरिकल्पनानां, स्थानीयसमुदायस्य सक्रियभागित्वस्य च परिणामः इति मन्यते

२०२५ तमस्य वर्षस्य जूनमासे खेडा-आनन्द-मण्डलेषु कृते सर्वेक्षणे कुलम् १,४७७ सरुस्-क्रेन्-इत्यस्य अभिलेखः अभवत्। वनविभागस्य अधिकारिणः वदन्ति यत आवासव्यवस्थापनं, जलसंरक्षणं, स्थानीयकृषकाणां सहकार्यं च सुदृढं कृत्वा परिज-आर्द्रभूमिषु सरुस्-क्रेन्-इत्यस्य अनुकूलं वातावरणं निर्मितम् अस्ति अस्मिन् क्षेत्रे वनपदाधिकारिणः एस.वाई.अधुना पारिज् आर्द्रभूमिः १२० तः अधिकाः पक्षिजातयः निवसन्ति। निश्चलवातावरणं प्राकृतिकसौन्दर्यं च पक्षिदर्शनार्थं प्रकृतिपर्यटनार्थं च अस्य स्थलस्य लोकप्रियतां प्राप्तवान्। विशेषतः सरुस् क्रेन् इत्यादीनां प्रवासीपक्षिणां दर्शनार्थं देशस्य पर्यटकाः आगच्छन्ति। अनेके पर्यटकाः सामाजिकमाध्यमेन अस्य स्थलस्य विषये ज्ञात्वा तस्य जैवविविधतां द्रष्टुं भ्रमणं कृतवन्तः इति अवदन्।

पर्यटकः झन्वी जोशी इत्यनेन उक्तं यत् एतत् स्थलम् अत्यन्तं सुन्दरं शान्तं च अस्ति, यत् निकटसम्बद्धम् अनुभवं प्रदाति। अन्यः आगन्तुकः मिहि बारोट् इत्यनेन उक्तं यत् राज्यसर्वकारेण कृतैः संरक्षणपरिहारैः न केवलं क्रेनजनसंख्या वर्धिता अपितु सम्भाव्यपर्यटनस्थलरूपेण क्षेत्रस्य विकासः अपि अभवत्।

वनविभागेन सह गैरसरकारीसंस्थाः, छात्राः, स्थानीयकृषकाः च संरक्षणप्रयासेषु महत्त्वपूर्णां भूमिकां निर्वहन्ति गैरसरकारीसंस्था आवाससंरक्षणं, वैज्ञानिकनिरीक्षणं, जनजागरणकार्यक्रमं च कुर्वन् अस्ति। श्रोफ्स् यूपीएल फाउण्डेशनस्य परियोजनासमन्वयकस्य जटिन पटेलस्य मते सा संस्था नियमितरूपेण सरुस् क्रेनजनसंख्यायाः निरीक्षणं करोति, विद्यालयेषु ग्रामेषु च जागरूकता-अभियानं करोति। स्थानीययुवानां प्रकृतिमार्गदर्शकरूपेण अपि प्रशिक्षिताः सन्ति, वैकल्पिकरोजगारस्य अवसराः च प्रदत्ताः सन्ति, अतः संरक्षणस्य आजीविकायाः च सन्तुलनं भवति।

### बीडिः, गोलिका

## च ४०-निमेषात्मकं नाटकम्ः मेरठस्य

ब्रह्मास्त्र ›› मेरठ

उत्तरप्रदेशस्य मेरुट्-नगरे उच्च-वोल्टेज-चलच्चित्र-सदृशस्य नाटकस्य अनन्तरं गुरुवासरे स्वपत्न्याः कथितस्य प्रेमिकायाः हत्यायाः आरोपी पुलिसैः गृहीतः। इक्षुक्षेत्रे ४० निमेषपर्यन्तं घेरणं कृत्वा सम्मुखीकरणं कृत्वा अन्ततः अभियुक्तः आत्मसमर्पणं कृतवान्। अस्मिन् काले सः क्रमेण जलं पिबति स्म, बीडीं प्रज्वलितवान्, देशनिर्मितं पिस्तौलं च प्रसारयति स्म, यदि पुलिस-अधिकारिणः समीपं गच्छन्ति तर्हि गोलिकाभिः मारयिष्यामि इति धमकी ददाति स्म।

पुलिसस्य मते अभियुक्तः प्रदीपः परितः आसीत्, परन्तु सः स्वशस्त्रं आकृष्य स्थित्वा स्थितवान्, यदि कोऽपि समीपं गच्छति तर्हि गोलीं मारयिष्यामि इति पुनः पुनः धमकीम् अयच्छत्। घटनास्थले आगताः वरिष्ठाः अधिकारिणः दीर्घकालं यावत् अनुनयम्, आत्मसमर्पणस्य आश्वासनं च दत्तवन्तः, तदनन्तरं सः नम्रतां कृतवान्। तदनन्तरं सः निग्रहे गृहीत्वा पुलिस-स्थानम् आनीतः। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय इत्यनेन उक्तं यत् भारतीयदण्डसंहितायां धारा १०३ इत्यस्य अन्तर्गतं अभियुक्तानां विरुद्धं हत्यायाः प्रकरणं पंजीकृतम् अस्ति। ततः पूर्वं बुधवासरे अपराह्णे प्रायः १:४५ वादने रामराजक्षेत्रे व्यस्तविपण्ये २८ वर्षीयः सुरेन्द्रसिंहः गोलिकाभिः हतः। पुलिस-अनुसारं सुरेन्द्रः मोटरसाइकिलं चालयन् आसीत्, तदा अन्यं मोटरसाइकिलं चालयन् प्रदीपः आगतः। सः पटेन आवृतं मुखं देशनिर्मितपिस्तौलद्वयेन सज्जः आसीत्। सुरेन्द्रं दृष्ट्वा सः पृष्ठतः द्वौ शूटौ प्रहारं कृत्वा तस्य कटिभागे प्रहारं कृतवान्, ततः तृतीयं शूटं निकटतः तस्य मन्दिरे प्रहारं कृत्वा तत्क्षणमेव मारितवान् प्रत्यक्षदर्शिनां मते प्रथमयोः गोलिकायोः अनन्तरं अभियुक्तः यदि कोऽपि मां तारयितुं शक्नोति तर्हि तत् करोतुर इति उद्घोषितवान्।

### राशिफल

**मेष** : आज आपका आपको पॉजिटिव व शांत रहना होगा। क्योंकि आज थोड़ा गुस्सा या नकारात्मक ऊर्जा जमा हो सकती है।

**वृषभ** : वृषभ राशि वाले आज कोई बड़ी चीज खरीदने से पहले अलग-अलग जगह के दाम जरूर देख लें।

**मिथुन** : आज अगर किसी बात को लेकर शक या गलतफहमी है तो सीधे पूछ लें। खुलकर बात करने से रिश्ते अच्छे रहते हैं।

**कर्क** : आज आपको बेकार के झगड़ों और ड्रामे से दूर रहना चाहिए। जो बातें आपसे जुड़ी नहीं हैं, उनमें न पड़ें।

**सिंह** : आज सिंह राशि वालों का दिन शुभ होगा। हर चीज में दूसरों से टक्कर लेने की जरूरत नहीं है।

**कन्या** : कन्या राशि वालों को आज काम करते समय परफेक्ट बनने से ज्यादा जरूरी है काम समय पर खत्म करना।

**तुला** : तुला राशि वालों को आज अगर आपको किसी बात में न्याय या बराबरी चाहिए, तो सीधे बोलिए।

**वृश्चिक** : वृश्चिक राशि वाले आज अपनी योजनाओं और आइडिया को ज्यादा लोगों को न बताएं। सही समय आने पर ही कदम उठाएं।

**धनु** : आज अपने रूट या निकलने के समय में थोड़ा बदलाव करें। अगर 5 मिनट पहले निकलेंगे तो ट्रैफिक से बच सकते हैं।

**मकर** : आज चाहे कितनी भी परेशानी आए, अपनी दिनचर्या पर टिके रहें। अनुशासन से आप अपने काम पूरे कर पाएंगे।

**कुंभ** : मकर राशि वाले आज किसी पुरानी समस्या का नया और अलग तरीका आजमाएं।

**मीन** : मीन राशि वाले आज थोड़ी देर अकेले समय बिताएं या टहल लें। इससे आपका दिमाग शांत होगा।

### ज्योतिष/वास्तु

# मेष सहित इन राशियों को मार्च में मिलेगी सफलता, धन लाभ और यात्रा के बनेंगे योग

मार्च का महीना जारी है और यह माह कुछ राशियों के लिए शुभ रहने वाला है। इन जातकों को लाभ और कई नए अवसरों की प्राप्ति हो सकती हैं।

मार्च महीना जारी है, जो 2026 का तीसरा माह है। इस माह जहां त्योहारों की बहार बनी हुई है, वहीं ग्रहों का विशेष संयोग भी मार्च में रहने वाला है। ज्योतिषियों के मुताबिक, 11 मार्च 2026 को गुरु मार्गी होने वाले हैं। इसके बाद 14 मार्च को बुध वक्री होंगे। 15 मार्च 2026 को सूर्य का मीन राशि में गोचर होगा और 21 मार्च को बुध कुंभ राशि में मार्गी होने वाले हैं। इस बीच 26 मार्च को मंगल कुंभ राशि में उदय होंगे। ऐसे में यह समय कुछ राशियों के लिए शुभ साबित हो सकता है। इन जातकों को नए अवसर, लाभ, धन प्राप्ति और नई नौकरी मिलने के योग बन सकते हैं। ऐसे में आइए इन लकी



राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि–** मार्च महीने का समय मेष राशि वालों के लिए काफी शुभ और अनुकूल रहने वाला है। करियर के क्षेत्र में आपको नई नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। ग्रहों की कृपा से आपको लाभ ही लाभ होने के योग बन रहे हैं। कोई नई गाड़ी या कोई सोना-चांदी आप खरीद सकते हैं। खास बात यह है कि, आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा। लंबे समय से चल रही परेशानियां अब धीरे-धीरे समाप्त हो सकती हैं। कार्यस्थल पर आपके काम की सराहना होगी और अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क राशि–** मार्च का समय आपके लिए नई संभावनाओं से भरा रहने वाला है। करियर के क्षेत्र में आपको नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं, जिससे भविष्य की दिशा मजबूत होगी। किसी खास और प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और आप उन्हें सफलता के साथ पूरा करेंगे। धन लाभ होगा और नए लोगों से मिलकर आप कुछ नया करने का प्रयास भी करेंगे। आर्थिक मामलों में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों पर ग्रहों की विशेष कृपा रहने वाली है। आपके रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। प्रमोशन के योग इस माह बन सकते हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास सफल होंगे और वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। सामाजिक स्तर पर भी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन-देवास हाइवे किनारे जुआ खेलते पकड़ाये जुआरी

**उज्जैन।** नरवर थाना क्षेत्र के उज्जैन-देवास हाईवे किनारे बने प्रतिक्षालय की आड़ में जुआ खेला जा रहा था। नरवर थाना पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस टीम जुआरियों की घेराबंदी करने पहुंची। प्रतिक्षालय के पीछे बाउंड्रीवाल की आड़ से 7 लोगों को पकड़ा गया। जिनके पास से ताशपत्ती और साढ़े तीन हजार से अधिक की नगद राशि जप्त की गई। जुआरियों को थाने लाया गया जहां सामने आया कि सभी नरवर क्षेत्र की कालोनी में रहने वाले है। पूछताछ में उनके नाम शंकर पिता भैरूलाल सोलंकी सावरिया नगर, नगजीराम पिता बाबूलाल सोलंकी, संतोष पिता पूनमचंद्र सोलंकी, श्याम पिता पूनमचंद्र सोलंकी, भोला पिता लालूजी परमार, निवासी कृष्णा कॉलोनी नरवर, बबलू पिता भैरूलाल सोलंकी पटेल कॉलोनी और राहुल पिता घीसालाल गढ़ मोहल्ला नरवर सामने आये। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम की धारा 13 में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि सभी को जमानत में रिहा किया गया है। न्यायालय में जल्द चालान पेश किया जायेगा।

### रात को बिस्तर में लगी आग, बालिका के झुलसे पैर

**उज्जैन।** रात में बिस्तर में लगी आग से सो रही खुशी पिता विनोद सूर्यवंशी के पैर झुलस गये। उसकी चिख सुनकर परिवार नींद से जागा। खुशी को रात में ही चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। बताया जा रहा है कि रात में सोने से पहले घर में मच्छर भगाने के लिये अगरबत्ती लगाई थी। जो बिस्तर पर गिर गई थी, जिसके चलते धीरे-धीरे बिस्तर सुलग गया था। घटनाक्रम की जानकारी अस्पताल स्टॉफ की ओर से पुलिस को दी गई। पुलिस ने बयान दर्ज किये है।

### मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने का प्रकरण दर्ज

**उज्जैन।** नागदा थाना पुलिस ने अदनान मेव के खिलाफ मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने का प्रकरण बीएनएस की धारा 291 में दर्ज किया है। उक्त प्रकरण पुलिस ने विजय पिता सुन्दरलाल तुलसानी निवासी जवाहर मार्ग नागदा द्वारा दर्ज कराया गया। विजय ने शिकायत में बताया कि वह दुकान चलाता है। अदनान ने एक राड वायलर कुत्ता पाल रखा है। जिसे खुला छोड़ देता है। शाम को अदनान का कुत्ता आने-जाने वाले राहगिरों को कटाने के लिये दौड़ रहा था। कई लोग बचने के लिये भागते समय संतुलन बिगड़ने पर गिरकर घायल हो गये। उसने भी कुत्ते को भगाने का प्रयास किया लेकिन कुत्ता उसके ऊपर ही लपकने लगा था। पुलिस के अनुसार उक्त घटनाक्रम मानव जीवन को संकट में डालने का है। अदनान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सख्त एक्शन लिया जायेगा।

### गाली देने से मना करने पर युवक को मारा चाकू

**उज्जैन।** ग्राम पांडलिया थाना झारड़ा में रहने वाला लालसिंह पिता भेरूनाथ 28 साल ग्राम कढ़ाई रिश्तेदार के यहां गया था। जहां घर के बाहर खड़ा था उसी दौरान भगवान नाथ आया और गाली-गलौच करने लगा। लालसिंह ने बेवजह गाली देने से मना किया तो भगवान ने चाकू से हमला कर दिया। लालसिंह ने बचाव किया तो चाकू हाथ पर लगा। भगवान ने लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले में महिदपुर थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर भगवान नाथ की तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 117-9 | 469-9 |
| मिलन डे | 334-0 | 456-5 |
| मिलन नाइट | 466-6 | 126 -9 |

1 2 8

### साडू माता बावड़ी तिराहे पर 14 घंटे में 2 सड़क हादसे

# रात में 1 की मौत, 2 घायल, सुबह दर्शनाथियों की पलटी कार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साडू माता बावड़ी तिराहे पर बुधवार-गुरूवार के बीच 14 घंटे में 2 सड़क हादसे होना सामने आये। एक हादसे में युवक की मौत हो गई। बेटी और रिश्तेदार घायल हुआ है। दूसरे में मुम्बई के पांच लोग कार पलटने पर घायल होना सामने आये है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के गणेश नगर में रहने वाला संजय पिता अम्बाराम मीणा 30 साल जावरा से आये रिश्तेदार राकेश पिता रमेश 35 साल और अपनी बेटी साक्षी 8 साल के साथ उन्हेल मार्ग स्थित ढाबे पर बुधवार रात खाना खाने गया था। तीनों वापस पैदल गणेश नगर लौट रहे थे। साडू माता बावड़ी तिराहे पर सड़क पार करते समय तेजगति से आई कार ने तीनों को टक्कर मार दी।




दुर्घटना में संजय, उसकी बेटी साक्षी और रिश्तेदार राकेश गंभीर घायल हो गये। चालक कार लेकर भाग निकला। इस दौरान वहां लगे पुलिस स्टॉपर भी क्षतिग्रस्त कर गया। तीनों घायलों को एम्बुलेंस से रात में चरक अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद संजय मीणा की मौत हो गई। उसकी बेटी और रिश्तेदार घायल थे, जिन्हे उपचार के लिये भर्ती किया गया। मामले की जानकारी मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के साथ मार्ग कायम किया और गुरूवार सुबह मृतक संजय का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस के अनुसार दुर्घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख कार चालक का पता लगाया जायेगा। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि संजय मजदूरी करता था। उसकी बेटी और रिश्तेदार की हालत डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताई है।

**हादसों का स्पॉट बना तिराहा-** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र में आने वाला साडू माता बावड़ी तिराहा अब आवगमन का बड़ा मार्ग बन चुका है। उन्हेल, नागदा, बड़नगर के साथ मार्ग इंदौर को भी जोड़ता है। यहां पहले भी कई सड़क दुर्घटना होना सामने आ चुकी है। जिसमें लोगों की जान गई है। मार्ग सिंहस्थ बायपास भी है। इस मार्ग पर दो पहिया, चार पहिया वाहनों के साथ बड़े भारी वाहन भी तेजगति से गुजरते है। तिराहा हादसों का स्पॉट बन चुका है।

### सुबह तेजगति से दौड़ती कार पलटी

रात में हुई दुर्घटना के बाद गुरूवार सुबह 10 बजे के लगभग साडू माता बावड़ी तिराहे पर तेजगति से दौड़ती कार अनियंत्रित होने के बाद पलटी खा गई। हादसा देख लोग राहत बचाव के लिये पहुंचे। कार में पांच लोग सवार थे, जिनके घायल होने पर उन्हे चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनके नाम शांति पति ओमप्रकाश 50 साल, वैष्णवी पति अनिकेत 25 साल, अजय पिता दिलीप 26 साल, पूनम 24 साल और सोनल पिता ओमप्रकाश निवासी मुम्बई होना सामने आये। घायलों ने बताया कि वह महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। अचानक तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई। परिवार ने मामले में शिकायत दर्ज कराने से मना कर दिया। अस्पताल में सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दी गई।

# मामा से मिलने आया था अज्ञात वाहन ने कुचला




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुंह बोले मामा से मिलने आए युवक को आगर रोड पर अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह उत्तर प्रदेश के ललितपुर का रहने वाला था जिसका अंतिम संस्कार उज्जैन में कराया गया।

ग्राम जैथल में ईंट भट्टे पर राजकुमार काम करता है जिसका मुंह बोला भांजा राजवीर पिता नंदलाल 23 वर्ष 2 दिन पहले मिलने आया था। मंगलवार-बुधवार रात आगर रोड नाकोड़ा पेट्रोल पंप के समीप पैदल सड़क पार करते समय राजवीर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान की गई। मुंह बोला मामा राजकुमार मौके पर पहुंचा। मृतक युवक की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल पहुंचाई गई और पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान राजकुमार ने बताया कि राजवीर के आगे पीछे कोई नहीं है वह ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। राजवीर की मुंहबोली बहन उसके गांव में रहने वाली है। जिसके चलते वह राजवीर को पहचानता था। उसकी मन क्लीनर में नहीं लग रहा था जिसके चलते वह काम छोड़कर जैथल आया था। उसके माता-पिता नहीं है जिसके चलते उसका अंतिम संस्कार उज्जैन में ही कराया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद राजकुमार के बयान दर्ज कर शव अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया।

### दिन-रात के तापमान में 20.8 डिग्री का हुआ फासला

# अब गर्मी दिखाने लगी असर



### सुबह-शाम गुलाबी ठंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है। दिन-रात के तापमान में 20.8 डिग्री का फासला हो चुका है। हवा की गति भी कम हो गई है। जिसके चलते गर्मी असर दिखाने लगी है। मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मार्च के अंतिम सप्ताह में तापमान 40 डिग्री पहुंच सकता है।

इस बार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से फरवरी माह के अंत मौसम में ठंड बनी हुई थी। जिले में ओलावृष्टि और बारिश का नजारा भी दिखाई दिया था। मौसम ने किसानों को सबसे बड़ी चिंता में डाला था, लेकिन अब मार्च की शुरूआत हो चुकी है और मौसम में बदलाव आने लगा है। होलिका दहन के बाद दिन में तापमान बढ़ रहा है। गुरूवार शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सीजन का सबसे अधिक रहा। इस बीच बुधवार-गुरूवार रात न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री रहा। जिसके चलते दिन-रात में 20.8 डिग्री का फासला हो गया है। फरवरी माह में हवा की गति 12 से 14 किलोमीटर की बनी हुई थी, जो अब 4 किलोमीटर की रह गई है। आर्द्रता का प्रतिशत सुबह 74 और शाम को 21 होगा गया है।

# जहरीला पदार्थ खाने से 16 वर्षीय किशोरी की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जहरीला पदार्थ खाने वाली 16 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान गुरुवार रात 10 बजे लगभग मौत हो गई। पुलिस निजी अस्पताल से किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल लेकर आई।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ग्राम चंद्रूखेड़ी में रहने वाली रानू पिता अर्जुन आंजना 16 साल ने दिन में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस निजी अस्पताल पहुंची, जहां परिजनों ने बताया कि रानू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उसका उपचार भी चल रहा था। परिवार खेती किसानी का काम करता है। घर में रखा कीटनाशक जहर उसने संभवतः गलती से गटक लिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच शुरू की जायेगी।



### युवक ने घर में लगाई फांसी

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सॉलिटर में रहने वाले राकेश पिता महेश प्रजापत ने गुरूवार शाम घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्तपाल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष रख पुलिस को सूचना दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच शुरू करेगी।

**पति ने काटा पत्नी का गला-** महिदपुर से रात में सलमा पति जगदीश 35 साल को चरक अस्पताल लाया गया। उसका गला कटा हुआ था। बताया जा रहा था कि सलमा नर्मदापुरम की रहने वाली है। महिदपुर में मेला लगा था, जहां विवाद होने पर पति ने गले पर धारदार वस्तु से वार किया। घायल महिला पारदी समुदाय की प्रतीत हो रही है। जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com